YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-06 ❑ मंगलवार, 03 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




श्री गांधी लगातार झूठे आरोपों और भ्रम फैलाने वाली बातों के माध्यम से न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के मनोबल को भी आहत कर रहे हैं। जो किताब अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई उसके बारे में श्री गाँधी को आखिर कैसे पता चला कि उसमें क्या लिखा हुआ है। अनिल बलूनी


ईडी ने बीपीएल के निदेशकों के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र 11

सीएम धामी ने किया श्रमिक प्रशिक्षण पोर्टल का शुभारंभ 12


## संक्षेप

### यूपी पुलिस के 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है।

सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।

### आठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्रधानाचार्यों की तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के आठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्रधानाचार्यों की तैनाती कर दी है। जारी सूची के अनुसार यह जिम्मेदारी वरिष्ठ चिकित्सकों व प्राध्यापकों को सौंपी गई है, जिससे शैक्षणिक, प्रशासनिक और चिकित्सीय व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। तैनाती के तहत कानपुर देहात में डॉ. हरप्रीत सिंह, सोनभद्र में डॉ. आनंद कुमार, अमेठी में डॉ. योगेश कुमार यादव, कुशीनगर में डॉ. सुभाष गुप्ता, बुलन्दशहर में डॉ. संजय कुमार मिश्र, गोंडा में डॉ. बीना सिंह, सुलतानपुर में डॉ. प्रियंक वर्मा तथा बिजनौर में डॉ. तुहिन वशिष्ठ को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों में प्रशासनिक स्थिरता लाना, शिक्षण गतिविधियों को सुचारु रखना और मरीजों से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। माना जा रहा है कि नई जिम्मेदारियों के बाद संबंधित महाविद्यालयों में फैसलों की प्रक्रिया तेज होगी और बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

### ‘पीएम के नेतृत्व में कागजों में नहीं... धरातल पर उतरीं नीतियां’, सीएम बोले-

# विजनरी और समावेशी बजट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आम बजट 2026-27 को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने जो विकास यात्रा तय की है, उसका प्रत्यक्ष लाभ अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। यह बजट रिफॉर्म, ग्रोथ और फिस्कल डिसिप्लिन का संतुलित दस्तावेज है, जो नए भारत के निर्माण के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। सीएम योगी ने विश्वास जताया कि आम बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश को ‘विकसित भारत-2047’ के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म, ग्रोथ और फिस्कल डिसिप्लिन तीनों का संतुलित समावेश स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इन तीनों तत्वों को एक सूत्र में पिरोकर यह बजट आने वाली पीढ़ियों को जोड़ते हुए एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करता है।

यह बजट किसान, युवा, महिला और गरीब, सभी वर्गों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्वाभाविक रूप से, इसके माध्यम से देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की अपेक्षाओं और विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव डालने वाला पहलू एसएमई के लिए 10,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा है। उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश का नेतृत्व करता है और प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा एमएसएमई आधार है। वर्तमान में, उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से करीब तीन करोड़ लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आजीविका और आर्थिक प्रगति से जुड़े हुए हैं। सीएम ने कहा कि यह फंड विशेष रूप से ओडीओपी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, जिसे उत्तर प्रदेश ने ब्रांडिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग और एक्सपोर्ट से जोड़कर सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। बजट के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को नई तकनीक, स्किल ट्रेनिंग, आधुनिक पैकेजिंग और वैश्विक निर्यात बाजारों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का विशाल इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड तैयार किए जाने की घोषणा की गई है, जो उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने और विभिन्न प्रमुख सेक्टरों को नई गति देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भी उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के भीतर देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स हब विकसित हो रहा है। इसका सीधा लाभ उद्योग, व्यापार और रोजगार सृजन के रूप में उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि देश में घोषित 20 अंतर्देशीय जलमार्गों में उत्तर प्रदेश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में देश का पहला इनलैंड वाटरवे वाराणसी से हल्दिया के बीच पहले ही प्रारंभ किया जा चुका है, जबकि इनके विस्तार के लिए वाराणसी, प्रयागराज और यमुना नदी तक जलमार्ग विकसित करने के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। कार्गो मूवमेंट को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शिप रिपेयर एवं मेंटिनेंस इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में वाराणसी को मिलने वाला लाभ, उत्तर प्रदेश के इनलैंड वाटरवे नेटवर्क को और मजबूत करेगा, जिससे माल ढुलाई की ● शेष पेज 11 पर

❑ रिफॉर्म, ग्रोथ और फिस्कल डिसिप्लिन के संतुलन से सशक्त भारत की नींव

❑ एमएसएमई सेक्टर में घोषणा का उत्तर प्रदेश को मिलेगा सर्वाधिक लाभ



### सेमीकंडक्टर के नए हब के रूप में उभर रहा है उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट में वित्त मंत्री द्वारा सेमीकंडक्टर पार्क की जो घोषणा की गई है, उसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। प्रदेश को इस सेक्टर में पहले से ही कई बड़े निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और बजट में की गई घोषणा से इन प्रस्तावों को गति मिलेगी तथा उन्हें धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। इससे उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

### 10 हजार टूरिस्ट गाइड होंगे प्रशिक्षित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देशभर में टूरिस्ट गाइड को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत 10,000 टूरिस्ट गाइडों का प्रशिक्षण एवं स्किल अपग्रेडेशन किया जाएगा। इस पहल से पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बढ़ेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटन स्थलों की रैंकिंग भी जारी की गई है, जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश के कई पर्यटन केंद्रों को विकसित किया जा रहा है।

# ग्रामीण महिलाओं की पंचगव्य से बढ़ी आय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ 2.5 लाख तक हो रही कमाई

❑ सामूहिक रुप से तैयार करती हैं मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड

❑ मार्केट के केमिकल वाले रंगों से बचाने के लिए बनाया हर्बल गुलाल

लखनऊ। कभी घर की चौखट से बाहर निकलने में हिचकने वाली संभल जनपद के गांव बनियाखेड़ा की अनुपमा सिंह आज अपने प्रोडक्ट के जरिए जानी जाती हैं। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री लेने के बाद कहीं बाहर जाने के बजाए अनुपमा ने अपने गांव में ही अपनी किस्मत संवारी। जब उन्होंने जानकी महिला स्वयं सहायता समूह के साथ कदम बढ़ाया, तो पंचगव्य ने उनकी जिंदगी बदल दी। अब वे मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड और अन्य उत्पाद बनाकर सालाना करीब 2.5 लाख रुपये कमा रही हैं। साथ ही उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने और अपने परिवार का संबल बन रही हैं। इसके साथ ही वह हर्बल गुलाल बनाकर मार्केट के केमिकल वाले रंगों से बचाती भी हैं।

अनुपमा जानकी स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, तो साप्ताहिक बैठकें शुरू हुईं। कम ब्याज पर ऋण मिलने लगा और समस्याएं साझा मंच पर सुलझने लगीं। समूह से पहली बार ऋण लेकर उन्होंने पंचगव्य उत्पादों का काम शुरू किया। समय पर ऋण चुकाया, नियमित बचत शुरू की और धीरे-धीरे यही कदम बड़े उद्यम की बुनियाद बन गया। अनुपमा ने प्रशिक्षण के बाद घर पर ही गोबर की मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड और हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया। देखते ही देखते गांव में इन उत्पादों की पहचान बनी। मेलों व स्थानीय बाजारों में ऑर्डर मिलने लगे। आज वे न सिर्फ खुद काम कर रही




हैं, बल्कि अपने समूह की अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं, जिससे कई परिवारों की आय बढ़ी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रशिक्षण से उन्हें प्रोसेसिंग व पैकेजिंग की तकनीक मिली। धीरे-धीरे गांव और आस-पास के कस्बों में इन उत्पादों की मांग बढ़ी। आज गो आधारित ये उत्पाद उनके बिजनेस का मजबूत स्तंभ बन गए हैं, जिससे उन्हें हर महीने 20,000 रुपये की आय होने लगी है। अनुपमा की सफलता की कहानी यह संदेश दे रही है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं पंचगव्य और परंपरागत संसाधनों को आधुनिक उत्पादों में बदलकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। अब अनुपमा अपने परिवार के साथ सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। अब ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक लोग उन्हें उनके काम से पहचानते हैं।

## लाखों मतदाताओं के सूची से हटाये गये नाम : ममता

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की और उनसे कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के सूची से हटा दिये गये हैं।

करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, सांसद कल्याण बनर्जी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य मुद्दा पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर उठे विवाद थे। चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद सुश्री बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वह बेहद आहत और दुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पश्चिम बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के हटा दिये गये और लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। सुश्री बनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव की तरह होते हैं, लेकिन चुनाव आयोग की कार्रवाई ने इस भावना को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने सवाल किया कि यदि एसआईआर करना ही था, तो इसे चुनावी राज्यों से अलग और बेहतर योजना के साथ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ● शेष पेज 11 पर



❑ मुख्यमंत्री ममता ने ज्ञानेश कुमार से की मुलाकात

## सीबीआई ने ‘ऑपरेशन साइस्ट्राइक‘ लॉच किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ‘अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाये गये एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक‘ की शुरूआत की

यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है जो सीमा पार (अंतरराष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं। यह अभियान 31 जनवरी को शुरू किया गया था और इसके शुरू होते ही संघीय जांच एजेंसी ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने नयी दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 35 जगहों पर तलाशी ली है। कार्रवाइयों से आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे उन सीमा पार, साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क को खत्म कर दिया गया, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत के पीड़ितों को ऑनलाइन तरीके ● शेष पेज 11 पर

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

## ‘लद्दाख में नेपाल–बांग्लादेश जैसे हालात चाहते थे वांगचुक’

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सोनम वांगचुक लद्दाख में नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते थे। उन्होंने बताया कि वांगचुक के बयानों से हिंसा भड़कने का खतरा था। सरकार ने आरोप लगाया, ‘वांगचुक ने केंद्र सरकार को ‘वे‘ कहकर संबोधित किया, जो अलगाववादी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने जेन जी को गृहयुद्ध और खूनखराबे के लिए उकसाने की कोशिश की।‘

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ के सामने सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील दी। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने दायर की है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, ‘वह केंद्र सरकार को ‘वे‘ कहते हैं। यह ‘हम‘ और ‘वे‘ ही एनएसए के तहत हिरासत के लिए पर्याप्त है। इस देश में ‘हम‘ और ‘वे‘ नहीं हैं, हम सभी भारतीय हैं।‘ मेहता ने आरोप लगाया कि वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसी स्थिति में ले जाना चाहते थे और उन्होंने युवाओं को भड़काने के लिए अपने भाषणों में महात्मा गांधी का नाम केवल एक आवरण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि कई बार भड़काऊ भाषण दिए जाते हैं, जिनकी शुरुआत और अंत गांधीजी के नाम से किया जाता है, लेकिन बीच में हिंसा भड़काने वाली बातें होती हैं। मेहता ने वांगचुक के भाषणों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने नेपाल और अरब क्रांति का उल्लेख करते हुए आत्मदाह जैसी घटनाओं की बात की, जिससे युवाओं को हिंसा की ओर उकसाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वांगचुक ने आत्मदाह की धमकी देकर लद्दाख आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिश की। सॉलिसिटर जनरल ने यह भी कहा कि लद्दाख सीमावर्ती क्षेत्र है और सशस्त्र बलों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वांगचुक ने क्षेत्र में जनमत संग्रह जैसे विचारों की बात ● शेष पेज 11 पर



## एयर इंडिया ने एक बोइंग 787 विमान को सेवा से बाहर किया

एजेंसी

❑ पायलट ने की फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी की शिकायत

नयी दिल्ली। एयर इंडिया के एक पायलट ने सोमवार को एक बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल स्विच में खराबी की शिकायत के बाद संबंधित विमान को सेवा से बाहर कर दिया है।

सूत्रों ने बताया कि यह पायलट उड़ान संख्या एआई 132 लेकर लंदन से बेंगलुरु आया था। आज बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसने फ्यूल स्विच में खराबी की शिकायत की। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया, ''हमें इस बात की जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने एक बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की जानकारी दी थी। इस प्राथमिक जानकारी के बाद हमने संबंधित विमान को सेवा से बाहर कर दिया है। बयान में कहा गया है कि वह विमान बनाने वाली कंपनी से प्राथमिकता के आधार पर इसकी जांच करायेगी। इसके बारे में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी जानकारी दे दी गयी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की प्राथमिक जांच में पाया गया था कि फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद होने के कारण इंजन तक ईंधन की आपूर्ति नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ था। दुर्घटनाग्रस्त विमान बोइंग कंपनी का ही 787 ड्रीमलाइनर था। उड़ान संख्या एआई 171 ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरते ही वह नीचे आने लगी और एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत से टकरा गयी। उस हादसे में चालक दल के सदस्यों समेत विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गयी थी। जमीन पर मौजूद 19 लोग भी दुर्घटना में मारे गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि अहमदाबाद हादसे के बाद ''डीजीसीए के निर्देश पर एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की गयी थी, लेकिन कोई खामी नहीं पायी गयी थी।

# चीन पर राहुल के बयान से लोकसभा में हंगामा

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नियमों का हवाला देते हुए राहुल गांधी को रोका

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चीन के संबंध में बयान को लेकर भारी हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। पहले दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही तीसरी बार दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

श्री गांधी ने चर्चा के दौरान एक पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित पुस्तक के हवाले से भारत चीन सीमा पर स्थिति के संदर्भ में कुछ कहने का प्रयास किया। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी मैगजीन के हवाले से सदन में कोई बात कहना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी अप्रकाशित पुस्तक का हवाला देकर विपक्ष के नेता सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोकझोंक होने लगी। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के नियमों का हवाला देते हुए



व्यवस्था दी कि सदन में किसी अखबार की क्लिपिंग, पत्रिका या किसी पुस्तक में प्रकाशित बातों के आधार पर कोई सदस्य अपनी बात नहीं रख सकता। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह तथा संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी श्री सिंह की आपत्ति का समर्थन किया और कहा कि विपक्ष के नेता को किसी पत्रिका के आधार पर अपनी बात सदन में रखने का अधिकार नहीं है। इस बीच, दोनों पक्ष के सदस्यों ने नियमों का हवाला दिया, जिस पर श्री बिरला ने कहा कि वह जो व्यवस्था दे रहे हैं, वह नियमों के आधार पर है और सभी सदस्यों को उसका पालन करना चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि रक्षा मंत्री सिर्फ इतना ही पूछ रहे हैं कि जिस पुस्तक को उद्धृत किया जा रहा है, वह छपी ही नहीं है, तो वह कहां से उल्लेख कर रहे हैं। उनका कहना था कि खुद विपक्ष के नेता कह रहे हैं कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है। श्री शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता को बोलने का अधिकार है लेकिन जब अध्यक्ष ने व्यवस्था दी है तो उसका पालन किया जाना चाहिए, विपक्ष के नेता किसी अन्य की लिखी बातों को नहीं बोल सकते। वह नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

श्री रिजिजू ने कहा कि जब अध्यक्ष व्यवस्था दे चुके हैं तो विपक्ष के नेता को उसका पालन करना चाहिए। उनका कहना था कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्ष के नेता की बात सुनने के लिए सदन में बैठे हैं, इसलिए उन्हें नियम के तहत बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन नियम से चलता है और यदि विपक्ष के नेता व्यवस्था को नहीं मानते हैं और अध्यक्ष बार-बार व्यवस्था दे चुके हैं और विपक्ष के नेता तब भी व्यवस्था को मानने को तैयार नहीं हैं, तो इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि जब विपक्ष के नेता नहीं मानते हैं तो नये सदस्यों से नियमों का पालन कराना कठिन हो जाएगा। रक्षा मंत्री के फिर आपत्ति जताने के बावजूद जब श्री गांधी ने बार-बार उसी बात का उल्लेख करने का प्रयास किया तो सदन में हंगामा तेज हो गया। इस पर अध्यक्ष ने श्री गांधी को रोका और कहा कि किसी भी सदस्य को आसन का अपमान करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने विपक्ष के नेता को चेतावनी दी कि वह व्यवस्था का पालन करते हुए अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यदि वह मनमानी करते हैं तो ऐसे में सदन नहीं चल सकता। व्यवस्था का पालन सभी सदस्यों को करना है और यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो वह दूसरे सदस्य को बोलने का मौका देंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का नाम पुकारा। श्री यादव ने कहा कि चीन का मुद्दा बहुत संवेदनशील है और उस पर बोलने की श्री गांधी को इजाजत दी जानी चाहिए। हंगामे के बीच भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे ने भी नियमों का उल्लेख करते कहा कि अखबार की क्लिपिंग या किताब या अप्रामाणिक विषय का उद्धरण नहीं दिया जाना चाहिए। श्री बिरला ने फिर तीखे लहजे में कहा कि जब अध्यक्ष ने व्यवस्था दे दी है और उसको चुनौती नहीं दी जा सकती, इसलिए विपक्ष के नेता को अपनी बात में पुस्तक या किसी अखबार की कटिंग ● शेष पेज 11 पर

# प्रशिक्षित होकर साइबर अपराध से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा : डॉ. जी.के. गोस्वामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**यूपीएसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फोरेंसिक कोर्स का शुभारंभ**

**यूपीएसआईएफएस हमें साइबर युग में डेटा की शक्ति को समझना होगा: पी.सी. मीना**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में गृह मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आई4सी (ऋ4ए) के सौजन्य से आयोजित साप्ताहिक साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फोरेंसिक कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पी.सी. मीना, महानिदेशक कारागार, प्रशासन एवं सुधार विभाग, उत्तर प्रदेश रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर किया गया। इस साप्ताहिक प्रशिक्षण कोर्स में उत्तर प्रदेश सहित गोवा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड एवं जम्मू-कश्मीर से आए कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कोर्स के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध एवं डिजिटल फोरेंसिक से जुड़े विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महानिदेशक पी.सी. मीना ने कहा कि साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि सर्वर रूम और डेटा सेंटरों में तकनीक के माध्यम से लड़े जा रहे हैं, और वही मजबूत है जो



तकनीक व डेटा में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अब पुलिसिंग के पारंपरिक तरीकों में बदलाव लाना होगा और डंडे की शक्ति से बाहर निकलकर डेटा की शक्ति को पहचानना होगा। डिजिटल साक्ष्य कभी झूठ नहीं बोलता और अपराधों की विवेचना में मौखिक साक्ष्यों के साथ-साथ डिजिटल साक्ष्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महानिदेशक ने कहा कि आज का अपराधी अदृश्य है, जो सात समंदर पार बैठकर एक क्लिक में किसी का बैंक खाता खाली कर सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूपीएसआईएफएस से प्रशिक्षण प्राप्त कर अधिकारी फील्ड में अपनी साइबर क्षमता का प्रभावी परिचय देंगे। इस दौरान उन्होंने संस्थान के विकास में डॉ. गोस्वामी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने संस्थान की डीएनए एवं ड्रोन लैब का भ्रमण किया। संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने संस्थान में संचालित कोर्स की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जो अपराध पहले सड़कों पर होते थे, वे अब साइबर स्पेस में हो रहे हैं। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट को ई-रॉबरी का नया स्वरूप बताया। डार्क वेब पर बढ़ते अपराधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एजेंटिक अपराधी सामने आएंगे, जो कमीशन तय कर साइबर अपराध करेंगे। ऐसी स्थिति में प्रशिक्षित होकर साइबर एवं डिजिटल फोरेंसिक अपराधों से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। कार्यक्रम के अंत में महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने उपस्थित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूपीएसआईएफएस जैसे संस्थान में अनुभवी एवं तकनीकी विशेषज्ञों से वर्तमान जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करना समय की मांग है। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव, चिरंजीब मुखर्जी, डॉ. मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ. पलक, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कार्तिकेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूपी में 10 फरवरी को 9.8 करोड़ बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति दवा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के करीब 9.8 करोड़ बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजाल दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे इस दिन दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड में कवर किया जाएगा।

सोमवार को कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सतीश कुमार गौतम ने बताया कि बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त रखने के उद्देश्य से यह अभियान वर्ष में दो बार फरवरी और अगस्त में चलाया जाता है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के बीच समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि सभी लक्षित बच्चों तक दवा पहुंच सके। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश के 21 जनपदों के 64 चयनित ब्लॉकों/शहरी क्षेत्रों/प्लानिंग यूनिट्स में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आईडीए (सर्वजन दवा सेवन) अभियान संचालित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में अलग से कृमि मुक्ति दिवस नहीं होगा, क्योंकि आईडीए के अंतर्गत एल्बेंडाजाल पहले ही दी जा रही है।

महाप्रबंधक डॉ. सतीश कुमार गौतम ने बताया कि एल्बेंडाजाल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाएगी। स्कूल न जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी के जरिए कवर किया जाएगा। शिक्षक और स्वास्थ्य कर्मी बच्चों को अपने सामने दवा सेवन कराएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा खाली पेट दवा न ले।

उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति दिवस से जुड़ी सभी गतिविधियों की रियल-टाइम रिपोर्टिंग की जाएगी। विद्यालयों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां ई-कवच पोर्टल पर अपलोड होंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालय अभियान में सक्रिय भागीदारी करें।

## माघमेला में लगा नि:शुल्क कैंप

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेला क्षेत्र में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल संगठन के तत्वाधान में डॉक्टर अशोक मिश्रा द्वारा जो नीम के वाइस प्रेसिडेंट है नेशनल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया तथा लगभग 215 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया है इसमें मूल रूप से सर्दी खांसी जुकाम सांस फूलना कमर दर्द बुखार तथा ब्लड प्रेशर मरीजों की संख्या ज्यादा थी जहां सरकार द्वारा अभूतपुर माघ मेले का आयोजन किया गया है वहीं इलाहाबाद नीमा संगठन द्वारा हर साल आए हुए दर्शन आर्थियों का चिकित्सा लाभ प्रदान करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है इस चिकित्सा सीहोर में वत्स फाउंडेशन एवं नीम के पदाधिकारी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष डॉक्टर भारत नायक उपाध्यक्ष डॉ अशोक मिश्र कोषाध्यक्ष डॉ एस बी यादव तथा अन्य चिकित्सक मौजूद थे मेला में आए हुए सभी दर्शनार्थियों का वत्स फाउंडेशन एवं नीम प्रयागराज हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है तब भविष्य में इस तरह की चिकित्सा शिविर का आयोजन करके एक छोटा सा लाभ मेलार्थियों को प्रदान करने का प्रयास करेगा

## रिटायर दरोगा की सिर कुचलकर हत्या, आरोपी फरार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के यमुनापार क्षेत्र में सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई है। लालापुर थाना क्षेत्र के चकशिवचेर गांव निवासी रिटायर दरोगा राम रतन मिश्रा की अज्ञात हमलावरों ने सिर कुचलकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई, डीसीपी गंगानगर ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों की शिकायतें सामने आईं। अधिकारियों ने संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मासूम बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की गई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उसे हर संभव कानूनी सहायता दी जा रही है। मामले की विवेचना जारी है।

## पुलिस कार्रवाई जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदुरी में घटित घटना को लेकर पुलिस की कार्रवाई सामने आई है। सोमवार को सहायक पुलिस आयुक्त बारा ने पूरे मामले पर मीडिया को बाइट दी। एसीपी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई। मामले में साक्ष्य संकलन और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## नैनी जेल में तैनात पुलिसकर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, शादी की थी तैयारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले की नैनी जेल में तैनात एक पुलिसकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पृथ्वीराज के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 से नैनी जेल में बंदी रक्षक के पद पर तैनात था। इस घटना से जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। परिजनों के अनुसार पृथ्वीराज की जल्द ही शादी होने वाली थी और घर में तैयारियां चल रही थीं। आत्महत्या से ठीक पहले उसने अपनी मंगेतर से फोन पर आखिरी बार बातचीत की थी। इसके बाद उसने यह कदम उठाया, जिससे परिजन और साथी कर्मचारी स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में किसी सुसाइड नोट की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। मानसिक दबाव, ड्यूटी से जुड़ा तनाव या व्यक्तिगत कारण—इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं जेल परिसर में शोक का माहौल है।

## कक्षा एक और दो के बच्चों पर किया गया निपुण लक्ष्य ऐप पर काम

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग में इन दिनों चल रहे निपुण आकलन रोस्टर के क्रम में आज पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मलौली में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वितीय सेमेस्टर के डी एल ई डी प्रशिक्षु अशोक कुमार और ऋषभ गुप्ता द्वारा कक्षा 1 और कक्षा 2 के बच्चों संग निपुण लक्ष्य ऐप पर काम किया गया।आकलन के दौरान बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये। आकलन के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित पाए रहे। प्रशिक्षुओं द्वारा विद्यालय परिसर की रमणीयता की प्रशंसा की गई।उनके अनुसार निश्चित तौर पर बेसिक का स्वरूप बदलता दिखाई दे रहा है।

## पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है शिकायत कर्ता

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चोरी के मामले में पुलिसिया कार्रवाई से शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है। उसका मानना है इस घटना में आरोपी को बचाने का काम किया जा रहा है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत गांव माढरमऊ का पुरवा की कमला कॉलोनी निवासी पीड़ित योगेश के अनुसार 24 जनवरी 2026 की रात को उनके घर में चोरी हो गई थी। शिकायत कर्ता के अनुसार मामले में दिए गए प्रार्थना पत्र में 18 लाख रुपए की नकदी के अलावा सोने चांदी के आभूषण के चोरी हो जाने की बात कही गई। इस घटना में पीड़ित की ओर से 112 नम्बर डायल किया गया। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पीड़ित के अनुसार पुलिस ने उसकेद्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को बड़ा होने की बात कहकर बदलवा दिया गया। पुलिस ने मन चाहा प्रार्थना पत्र लेकर एफआईआर दर्ज कर ली लेकिन आरोपी से पूछ ताछ के नाम पर केवल फर्ज अदायगी का काम किया।। शिकायत कर्ता का योगेश के अनुसार वह पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है। उसका कहना हैं कि इस मामले में पुलिस आरोपी को बचाने का काम कर रही है।

# बेहतर सिंचाई सुविधाएं व जल संरक्षण के लिए चलेगा अभियान: स्वतंत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं मुहैया कराने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगी। इसके तहत जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत गहरे और मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पुराने चैकडैमों की मरम्मत और नए चैकडैम का निर्माण किया जाएगा।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को जल निगम ग्रामीण मुख्यालय में लघु सिंचाई और भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक की। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि लघु सिंचाई और भूगर्भ जल विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से बुंदेलखंड जैसे सूखाग्रस्त इलाके में भी किसानों की फसल उत्पादकता बढ़ी है। जिससे अन्नदाता किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। करीब 6 घंटे तक चली बैठक में जलशक्ति मंत्री



ने हर जिले में सिंचाई और भूगर्भ जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही भविष्य में योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे बेहतर बनाया जाए। इसके निर्देश भी दिए। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर हर जिले के अधिशासी अभियंता ने जिलों में किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण भी दिया। बैठक में नमामि गंगे विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव, जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ राजशेखर, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभास कुमार समेत प्रदेशभर के अधिकारी मौजूद थे। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाएं और भूगर्भ जल संरक्षण के लिए सराहनीय काम किए गए हैं। 2017-18 से अब तक बुंदेलखंड के जल-संकटग्रस्त क्षेत्र में 1.37 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत 4,678 गहरे और 3,050 मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण किया गया है। जिससे किसानों को पूरे साल सिंचाई की सुविधा मिल रही है। पथरीले और जलविहीन क्षेत्रों में अमृत कूप योजना के तहत 3,758 नए कूपों का निर्माण किया गया। जिससे पहले असिंचित भूमि भी अब खेती योग्य बनी है।

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मुहैया कराने से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। इसका असर लोगों के जीवन पर भी दिख रहा है। क्षेत्र से पलायन रूका है। किसानों को 132 सोलर पंपसेट उपलब्ध कराया गया है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड में 724 पुराने चेकडैम की मरम्मत कर पुनर्जीवित किया गया है। साथ ही 868 नए चेकडैम का निर्माण व 476 तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके अलावा भूजल रिचार्ज के लिए बुंदेलखंड के 739 शासकीय भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जल संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम है कि बुंदेलखंड के 47 विकासखंड़ों में से 25 अब सुरक्षित श्रेणी में आ चुके हैं।

# प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक बीज नीति बनाएं : सीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका 'गन्ना के साथ तिलहनी एवं दलहनी अन्तः फसली खेती' को बड़े पैमाने पर लागू करना है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि 'बहु-गुणित' करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अंतःफसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध कराती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है, इसलिए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के लिए उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र रास्ता इकाई क्षेत्रफल से अधिक फसल उत्पादन है। उन्होंने कहा कि 'गन्ना आधारित अंतःफसली खेती उत्तर प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है। यह किसानों को अधिक उत्पादन, अधिक कमाई और जोखिम से सुरक्षा तीनों प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश में 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया क्षेत्र और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन और दलहन की अंतःफसल जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और साथ ही प्रदेश एवं देश की तिलहन-दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से क्रियानवित करते हुए अंतःफसल का चयन वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर किया जाए। उन्होंने आईआईएसआर की सिफारिशों के अनुसार रबी सीजन में सरसों और मसूर तथा जायद सीजन में उर्द और मूंग को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ने की पैदावार प्रभावित किए बिना अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, यही इस मॉडल की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस योजना के लिए वर्षवार रोडमैप तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अतिरिक्त उत्पादन सीधे किसानों की आय में वृद्धि करेगा और राज्य के जीवीए में बड़ा योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहायता और अनुदान का ढांचा स्पष्ट होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बड़े पैमाने पर अंतःफसलों को अपनाने से किसानों को तेज नकदी प्रवाह मिलेगा ।

# जिलाधिकारी, पुलिस, राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। साथ ही, उन्होंने जिलों में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय स्तर पर भी जनशिकायतों को सुनें, पीड़ितों को न्याय दिलाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं।

कार्यक्रम में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंची, जिसका इलाज केजीएमयू में चल रहा है। महिला ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, ्लप्रदेश के 25 करोड़ नागरिक मेरा परिवार हैं। सरकार सुख-दुख में सभी के साथ खड़ी है। पहले दिन से इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है और आगे भी दी जाती रहेगी। पैसों के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जनता दर्शन में कुछ बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। एक महिला के साथ आई बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सलाम किया। मुख्यमंत्री ने मुस्कराते हुए उसका नाम पूछा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी बच्चों को चॉकलेट बांटी और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रयागराज: पत्नी से अफ़ेयर में चचेरे भाई की हत्या, पीएम रिपोर्ट बदलवाने की साजिश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक खौफनाक हत्या का खुलासा हुआ है। पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने ही 19 वर्षीय चचेरे भाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दिया गया और फिर पत्नी के साथ मिलकर लाश को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया गया। इतना ही नहीं, आरोप है कि साजिश के तहत पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मैनेज कराई गई।

औद्योगिक थाना क्षेत्र के विशंभरपुर निवासी 19 वर्षीय मोहित कुमार ट्रकों में लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था। 3 जनवरी 2026 की सुबह उसका शव पांडेय का पूरा गांव स्थित नाले में मिला था। शुरुआती पोस्टमार्टम में मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया और विसरा सुरक्षित रखने की बात कही गई। रिपोर्ट में



किसी तरह की चोट का उल्लेख न होने से परिजनों का हत्या का शक कमजोर पड़ गया, हालांकि उन्होंने जांच की मांग जारी रखी।

पुलिस जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें 2 जनवरी की रात मोहित का चचेरा भाई विजयराज और उसकी पत्नी सत्यरूपा एक बोरे में कुछ भरकर उसी गांव की ओर जाते दिखाई दिए, जहां अगले दिन शव मिला था। शक के आधार पर पूछताछ करने पर दोनों टूट गए और पूरी साजिश का खुलासा हो गया।

पूछताछ में सामने आया कि सत्यरूपा का मोहित से प्रेम संबंध था। पति को इसकी जानकारी होने पर विवाद हुआ और इसी दौरान मोहित की हत्या कर दी गई। बाद में शव ठिकाने लगाने के लिए नाले में फेंका गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार विजयराज के बहनोई, जो एसआरएन अस्पताल में सफाईकर्मी है, की मदद से पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रभावित कराई गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 2 फरवरी 2026 को दफनाए गए शव को जमीन से निकलवाकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। फिलहाल दंपति समेत तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर निर्णय पद पर रहते हुए होते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद बयान देकर नहीं: डॉ. राजेश्वर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर सेवानिवृत्ति के बाद दिए गए बयान जिम्मेदारी का विकल्प नहीं हो सकते।

नेता विपक्ष द्वारा लोकसभा में उठाये गए पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल एम. एम. नरवणे के अप्रकाशित पुस्तक के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. सिंह ने देश की ओर से कुछ स्पष्ट और गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर खतरे वास्तव में इतने गंभीर थे, तो जनरल नरवणे ने पद पर रहते हुए इस्तीफ़ा क्यों नहीं दिया? यदि उन्हें लगता था कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है, तो वे पद पर बने क्यों रहे? सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब उनके पास पूर्ण संवैधानिक अधिकार और सैन्य कमान थी, तब निर्णायक कार्रवाई करने से उन्हें किसने रोका? जनरल नरवणे को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा, राष्ट्रीय हित पुस्तकों, साक्षात्कारों या सेवानिवृत्ति के बाद दिए गए बयानों से सुरक्षित नहीं होता। वह उस समय लिए गए निर्णयों से सुरक्षित होता है, जब जिम्मेदारी और अधिकार दोनों मौजूद हों। उन्होंने कहा कि सेना और नौकरशाही के हर अधिकारी ने संविधान और राष्ट्र के प्रति शपथ ली होती है। यदि कोई विषय वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था, तो उस पर कार्रवाई उसी समय होनी चाहिए थी। सेवानिवृत्ति के बाद बोलना साहस नहीं, सुविधा है। डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि इस प्रकार के चयनित और विलंबित खुलासे संस्थाओं की साख को कमजोर करते हैं और जनता के विश्वास को चोट पहुँचाते हैं। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर बोलने से पहले उन्हें अपने शासनकाल की भूमिका पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा, 26/11 जैसे भीषण आतंकी हमले के बाद कांग्रेस सरकार ने क्या ठोस, निर्णायक और निवारक कार्रवाई की—इसका उत्तर देश आज भी चाहता है।

## आर्थिक तंगी से परेशान सिविल इंजीनियर ने की आत्महत्या

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में किराये के फ्लैट में रह रहे सिविल इंजीनियर शिवम त्रिपाठी ने पंखे से चादर के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार रात उनका शव रिश्ता मैनहैटन सोसाइटी के टावर ए-2 स्थित फ्लैट संख्या 407 में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बलरामपुर जिले के रहने वाले शिवम त्रिपाठी एक फरवरी की शाम फ्लैट में अकेले थे। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ वीडियो बनाते हुए दरवाजा तोड़ा। अंदर शिवम का शव पंखे से लटकता मिला। पुलिस के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस घटना में मृतक के परिजनों का कहना है कि शिवम प्रॉपर्टी का काम करते थे। लंबे समय से उनके साथ काम करने वाले लोग पैसे नहीं दे रहे थे। बार-बार मांगने के बावजूद जवाब न मिलने से वह मानसिक तनाव में थे। परिजन की ओर से पार्टनरों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही जा रही है। इस मामले में मृतक शिवम के फूफा विनय कुमार द्विवेदी गोंडा जिले की मेहनौन विधानसभा सीट से बीजेपी के विधायक हैं। उनकी ओर से कार्यवाही को आगे बढ़ाने की बात कही जा रही है। मृतक के परिवार में पिता राजेश त्रिपाठी, मां और दो भाई प्रखर व अभिषेक हैं।

# केंद्रीय बजट समावेशी विकास और विकसित भारत की मजबूत आधारशिला: ए.के. शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समावेशी विकास और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाली मजबूत आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों–गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, व्यापारी तथा शहरी-ग्रामीण आबादी–को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला है, जिसमें सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और समेकित विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

ए.के. शर्मा ने इस जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से भी भेंट कर उत्तर प्रदेश को बजट में विशेष प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है और बजट के प्रावधान सरकार की स्पष्ट सोच एवं दीर्घकालिक विकास रणनीति को दर्शाते हैं।

ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों पर प्रतिक्रिया देते हुए ए.के. शर्मा ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर ग्लास के मुख्य घटक सोडियम एंटीमोनाइट को कस्टम ड्यूटी से छूट दिए जाने से पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय तेजी आएगी। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और देश नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने से शहरी निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। इससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, विकास परियोजनाओं में निजी एवं संस्थागत निवेश बढ़ेगा और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार संभव होगा। उन्होंने बताया कि बजट में टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए धन आवंटन बढ़ाए जाने से उत्तर प्रदेश के लगभग 45 शहरों में आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के प्रावधानों से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को पक्के आवास का सपना साकार करने का अवसर मिलेगा। ए.के. शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को विशेष महत्व दिया गया है, जिससे औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और शहरी-ग्रामीण संतुलित विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकसित भारत की संकल्पना से जोड़ने वाला है और समावेशी विकास, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया।

सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी ﾠकेशव चाचा न्याय करोﾠ जैसे नारे लगा रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

पटेल का आरोप है कि सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश को समय पर लागू नहीं किया, जिसके चलते मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया। उनका कहना है कि यदि सरकार चाहती तो पहले ही फैसले को लागू कर अभ्यर्थियों को राहत दी जा सकती थी।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई बार उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया जा चुका है और हर बार जल्द समाधान का आश्वासन मिला, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे पिछड़े, दलित और गरीब वर्ग के अभ्यर्थियों में गहरी निराशा है। प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को बसों में भर कर इको गार्डन भेज दिया।

## टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीपीएस एल्डिको ने बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ इंटर स्कूल लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट में लखनऊ और कानपुर के लगभग 20 स्कूलों ने हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन जीवंत और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बन गया। मैच दो श्रेणियों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल की उपस्थिति रही, जिन्होंने सभा को संबोधित किया और आत्मविश्वास और नेतृत्व के निर्माण में खेल की भूमिका पर जोर देकर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। वहीं इस मौके पर प्रिंसिपल मनीषा अंथवाल के प्रेरक शब्दों ने छात्रों को कोर्ट के अंदर और बाहर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आलमबाग चन्दर नगर व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को आलमबाग चन्दर नगर व्यापार मण्डल(सम्बद्ध लखनऊ व्यापार मण्डल) का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन अनिल वरमानी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल तथा अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा रहे। जिसमें अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने चन्दर नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सोमेश मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री मोहन खत्री, कोषाध्यक्ष विनोद भाटिया, महामंत्री अभिषेक सडाना, सर्वजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुगुल किशोर भवनानी, अफाक खान, सुनील मालानी, उपाध्यक्ष गगन ग्रोवर, महेन्दर कन्याल, अनिल अग्रवाल, जयराम खत्री, रजनीश द्विवेदी, कुलदीप बाजपेयी, हफीज अहमद, संगठन मंत्री सरदार जसवीर सिंह, सतीश अरोड़ा, सुशील अरोड़ा, विधि मंत्री गुलशन मोहला, प्रचार मंत्री मोहम्मद कासिम खान, सचिव अंकुज चौधरी, सुरेन्द्र कुमार लोधी, परितोष सोनकर, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इरशाद, कपिल खत्री, अरमीत सिंह, मोहम्मद साजिद, बालकृष्ण कालारा, राकेश वर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सिंह हुड्डा, लीलाधर, निर्मल कुमार, सुनील चावला, अनिल अरोड़ा, योगेश महाजन, दीपक पाण्डेय, राकेश केसरवानी एवं नदीम सलमानी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## आयोजित हुआ विदाई समारोह का रंगारंग कार्यक्रम 'अफ़साने'




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की इन्दिरा नगर शाखा में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र/छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के छात्र/छात्राओं के लिए 'अफ़साने' विदाई समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें ग्यारहवीं के छात्र/छात्राओं ने बारहवीं के छात्र/छात्राओं को उनके सुखद भविष्य की कामना करते हुए गुलाब के फूल देकर उनका स्वागत करते हुए 'विदाई' पर एक सारगर्भित भाषण दिया। रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा सभा को मनोरंजक बनाते हुए बारहवीं के छात्र/छात्राओं से ''रैम्पवॉक'' भी करवाई। जिसमें सभी छात्र/छात्राओं ने अपनी वेशभूषा एवं अदाओं से सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या अत्यन्त भावुक हो उठीं और उन्होंने बारहवी के छात्र/छात्राओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में सदैव अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो पर पहले याद रखो कि अपने माता–पिता के साथ अपने विद्यालय का नाम भी तुम्हे ही रौशन करना है। इस मौके पर मिस्टर डीपीएस तथा मिस डीपीएस नामों के साथ मिस्टर चार्मिंग मिस गॉर्जियस के नामों की घोषणा की गई। जिसमें मिस्टर डीपीएस अहमद हमज़ा, मिस डीपीएस जारा रौशन, मिस्टर चार्मिंग जुहेब खान व मिस गॉर्जियस स्वास्तिका सिंह बनी।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान ने संगठन को किया और मजबूत, अतुल शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगठन को मजबूती देने की कड़ी में भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा हरदोईऽकानपुर रोड निवासी अतुल शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस मनोनयन से संगठन में उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ताओं ने इसे एक मजबूत और दूरदर्शी निर्णय बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अकरम पठान, युवा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जमाल अंसारी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाम रसूल, प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ग़ालिब, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष वकार, प्रदेश प्रभारी, युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान सहित शुभम, विमल, अजीत और दीपू बंसल सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अतुल शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन किसानों की आवाज़ को और मजबूती से उठाएगा तथा किसान हितों के लिए संघर्ष को नई दिशा मिलेगी।

## भक्ति और शास्त्रीय संगीत के संगम से सजी भक्ति राग सेवा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिसामा आर्ट्स लेटे हनुमान मंदिर परिसर में निरंतर भक्ति राग सेवा का आयोजन कर रही है। श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय संगीत के भावपूर्ण वातावरण में यह सेवा भगवान श्री हनुमान जी के चरणों में समर्पित रहती है। जिसमें टेक्नोक्रेट और मेधावी बच्चे भारतीय संस्कृति और संस्कारों के लिए भक्ति सेवा करते हैं। गायक अनूप शर्मा ने अपनी सुमधुर और भावप्रवण गायकी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राग दुर्गा में निबद्ध रचना सखी मोरी रुमझुम (झपताल) से हुई। इसके उपरांत उसी राग में तीनताल में देवी दुर्गे दयानी दया कर की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। राग जोग में प्रस्तुत भजन हनुमान लला प्यारे, प्यारे लला ने मंदिर परिसर को भक्तिभाव से भर दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी का प्रचलित भजन बड़ा नीक लागे राघव जी के गऊवा प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रोताओं ने अत्यंत भावुकता के साथ सुना। भक्ति राग सेवा का समापन हनुमानाष्टक तथा सामूहिक नाम संकीर्तन के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तिरस में सहभागी बने। त्रिसामा आर्ट्स द्वारा आयोजित यह भक्ति राग सेवा भारतीय शास्त्रीय संगीत की आध्यात्मिक परंपरा को जन–जन तक पहुँचाने का एक सतत प्रयास है, जिसमें संगीत को साधना और सेवा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

# चार अभियुक्त गिरफ़्तार, ट्रक व सरिया बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। पिछले सप्ताह बीकेटी थाना अंतर्गत शिवरतन ट्रेडर्स से चार टन सरिया चोरी हो गई थी,पीड़ित की शिकायत पर स्थानीय पुलिस और क्राईम ब्रांच ने साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को सरिया चोरी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया व उनके कब्जे से चोरी किया गया सरिया एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद कर लिया है।एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी ऋषभ रुणवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिछले सप्ताह बीकेटी थाना अंतर्गत भैंसामऊ क्रॉसिंग के पास शिवरतन ट्रेडर्स (बिल्डिंग मैटेरियल)की दुकान से चालीस टन सरिया चोरों ने चोरी कर लिया था,सरिया चोरी की सूचना मिलने पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। क्राइम ब्रांच टीम व बीकेटी पुलिस ने संयुक्त रूप से तकनीकी साक्ष्यों,सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को सोमवार को बीकेटी थाना अंतर्गत किसान पथ कट इंदौराबाग तहसील जाने वाले सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया,पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने सरिया चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है,उनकी निशानदेही पर चोरी का तीस बंडल सरिया तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक यूपी 32 एफएन 2424 को बरामद कर लिया गया।वही अभियुक्तों की पहचान मेवालाल यादव पुत्र गंगा विशुन,अखिलेश कुमार पुत्र स्व0प्यारे लाल,दीपक यादव पुत्र लल्लू लाल,जयदीप पुत्र भगानी यादव चारों अभियुक्त शेखपुर,थाना सोहरामऊ,जनपद उन्नाव के रहने वाले है।उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है,साथ ही उनके आपराधिक इतिहास के बारे में बताया कि चारों अभियुक्तों पर रायबरेली,लखनऊ,उन्नाव सहित अन्य जनपदों में पहले से चोरी,आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर मुकदमे दर्ज थे।वही गिरफ़्तार करने वाली टीम में बीकेटी थाना से प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अरुण कुमार,उप निरीक्षक अभिमन्यु साह,शैलेन्द्र कुमार मिश्रा,सुशील त्रिपाठी, शुभम सिंह,कांस्टेबल पारस कुमार,अम्बरीष सिंह, सुरजीत सिंह व शिवानंद मिश्रा प्रभारी स्वाट/सर्विलांस अपराध शाखा लखनऊ की पूरी टीम शामिल रही।

# जयघोष, गुलाल और भक्ति के संग श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया (बबैया) गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को पूर्ण आहुति, हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ भव्य व ऐतिहासिक समापन हो गया। कथा समापन के उपरांत सोमवार को भक्ति, उल्लास और श्रद्धा से ओतप्रोत विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें गाजे-बाजे, डीजे और जयघोष के बीच श्रद्धालु झूमते रहे तथा गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया गया।

विसर्जन यात्रा गांव से प्रारंभ होकर समेसी, निगोहा होते हुए सुदौली स्थित भंवरेश्वर धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से सई नदी में पावन विसर्जन किया गया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर ओर हरि नाम का संकीर्तन गूंजता रहा। , इस दौरान सभी श्रद्धालु झूमते नजर आए। शाह मोहम्मदपुर अपैया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कथावाचक श्रीकृष्णानंद मृदुल जी महाराज द्वारा कराया गया। उनके भावपूर्ण प्रवचनों को सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा पंडाल में उपस्थित रहे। रविवार को हवन-यज्ञ के पश्चात आयोजित विशाल भंडारा देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आईसीएआर एनबीएफजीआर ने मनाया विश्व आर्द्रभूमि दिवस




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईसीएआर राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो(एनबीएफजीआर) लखनऊ ने उत्तर प्रदेश वन विभाग के सहयोग से विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में रामसर स्थल और उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े बाढ़ के मैदान आर्द्रभूमि बखिरा पक्षी अभयारण्य में जलीय जैव विविधता के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

बखिरा वेटलैंड की वन रेंज अधिकारी प्रीति पांडे ने छात्रों और स्थानीय हितधारकों के साथ बातचीत की और आर्द्रभूमि के महत्व पर प्रकाश डाला। आईसीएआर एनबीएफजीआर की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रजनी चंद्रन ने आर्द्रभूमि में मछली विविधता के महत्व और दीर्घकालिक स्थायी संरक्षण सुनिश्चित करने के उपायों पर प्रकाश डाला। सरस्वती विद्या मंदिर, बखीरा के छात्र छात्राओं के लिए चित्रकला-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के 100 से अधिक किसानों और बच्चों ने भाग लिया।

## नाबालिग बेटियों की गुमशुदगी से दो परिवारों में पसरा सन्नाटा

लखनऊ ।सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग इलाकों से नाबालिग बेटियों के लापता होने के मामलों ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। दोनों घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

पहली घटना अंजुमन एन्क्लेव फ़ेस-2 की है। यहां रहने वाली गीता देवी ने बताया कि उनकी करीब 16 वर्षीय बेटी अंशिका रविवार शाम घर पर थी। पढ़ाई को लेकर डांट पड़ने के बाद गीता कुछ देर के लिए बाहर गई थीं। लौटने पर बेटी घर पर नहीं मिली। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। दूसरा मामला अमरूद विहार का है। यहां के निवासी अमरेंद्र प्रताप तिवारी ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी मोनिका रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकली थी, तभी से वह लापता है। काफी खोजबीन के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। दोनों मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

## अवैध असलहा दिखा ज्वेलर्स को लूटकर फरार हुए बदमाश

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में रविवार शाम एक लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। बाइक सवार बदमाशों ने शाम के समय घर लौट रहे ज्वेलर को चाकू व अवैध असलहा दिखाकर लूट लिया और फिर फरार हो गए। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार बनी गांव निवासी जय सिंह रावत इलाके में ही जुनाबगंज तिराहे पर एक ज्वेलर्स की दुकान चलाते हैं। जय सिंह के अनुसार वह रविवार शाम 7:15 बजे अपनी दुकान बंद कर बनी गांव स्थित अपने घर जा रहे थे, जब वे बनी–मोहान मार्ग शराब ठेके के सामने से बनी जाने वाले मार्ग पर पावर हाउस के आगे थे तभी दो बाइकों पर सवार तीन लोग वहां आ धमके और जय सिंह को ओवर टेक करने के साथ उनकी बाइक में जोरदार लात मार कर गिरा दिया। बदमाशों ने जमीन पर गिरे जय सिंह के ऊपर चाकू एवं असलहा तानकर उनका बैग छीन लिया और जान से मारने कि धमकी देते हुए मोहान मार्ग की ओर भाग निकले। जय सिंह ने बताया कि बैग में सोने का सामान लगभग 20 ग्राम एवं चाँदी का समान जिसमें पायल, चैन, बिछिया, बैस्लेट, अंगूठी एवं अन्य था जिसका बजन लगभग 8 से 9 किलो था, बैग में दुकान की चाभी दुकान से सम्बन्धित कागजात, बिल एवं कुछ नगद रुपए भी थे जिन्हें बदमाश लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और थाना प्रभारी मौके पर पहुँचे। पुलिस आसपास के दुकानों और घरों में लगे एएद्वद्व कैमरों की जाँच कर रही है। बताते चलें कि अभी हाल ही में चोरों द्वारा ज्वेलर्स की कुछ दुकानों को निशाना बनाकर शटर तोड़ते हुए चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया गया था।क्षेत्र में बढ़ती इस प्रकार की घटनाओं को देखते हुए व्यापारियों में रोष है।

## टिकरा ने मऊ को हराकर जीती ट्रॉफी

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र स्थित बघौना गांव में आयोजित द्वितीय जय बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में टिकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मऊ टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल में मऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिकरा टीम ने 9 ओवर में 90 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विराट को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला निगोहां और मऊ के बीच खेला गया, जिसमें निगोहां ने 94 रन बनाए, लेकिन मऊ ने 95 रन बनाकर मुकाबला जीतते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

## श्री श्याम खाटू धाम के लिए रवाना हुए 210 भक्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर की संस्था श्री श्याम परिवार द्वारा फाल्गुन उत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए 210 श्री श्याम भक्त को राजस्थान स्थित श्री खाटू श्याम धाम लेकर रवाना हुए। इस अवसर पर उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने हरी झंडी दिखाकर भक्तों को रवाना किया। महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी श्री श्याम भक्तों को फाल्गुन उत्सव पर ले जाया जा रहा है। सोमवार को गोमती नगर स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से 210 भक्तों को लेकर राजस्थान श्री खाटू धाम पहुंचेंगे फिर वहां से रिंगस से निशान ध्वज उठाकर श्री खाटू धाम में भक्तों द्वारा चढ़ाया जाएगा, दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन होगा है तो वहीं 5 फरवरी को लखनऊ वापसी की जाएगी।

# नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केंद्र पर वार्डनों को मिला सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नागरिक सुरक्षा लखनऊ के प्रखंड लोहिया नगर द्वारा आयोजित सम्मान व प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम प्रभारी मुख्यालय मनोज वर्मा की उपस्थिति में नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केंद्र पर सम्पन्न हुआ।नागरिक सुरक्षा कंट्रोल रूम पर एक कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा आयोजित ट्रेनिंग के प्रमाणपत्र व नए नियुक्त वार्डन के नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। इसके साथ ही मनोज वर्मा कार्यालय प्रभारी, एडीसी रेखा पांडे, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डे न ऋतुराज रस्तोगी को डिविजनल वार्डे न सुनील तिवारी के द्वारा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज वर्मा मुख्यालय प्रभारी ने लोहिया नगर डिवीजन को नई ड्रेस के लिए बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ नागरिक सुरक्षा में ऐसा कार्य करने वाला प्रथम डिवीजन लोहियानगर बना है। भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में लोहिया नगर डिवीजन का अहम योगदान रहा। एडीसी रेखा पांडे ने कहा कि सभी वार्डे न अपने अधीन 10-10 फायर फाइटर जोड़ने का कार्य करे। चीफ वार्डे न के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डे न ऋतुराज रस्तोगी ने कहा कि आपको पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शांति व्यवस्था के लिया कार्य करना है। इसके लिए उन्होंने प्रत्येक थाने पर लोहिया नगर के वार्डे नो की लिस्ट वाली ग्लो साइन बोर्ड लगवाने का सुझाव दिया और अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।अंत में डिविजनल वार्डे न सुनील तिवारी ने अपने वार्डे नो की तरफ से उच्चाधिकारियों को आश्वस्त किया कि हमारे वार्डे न कभी भी किसी भी कार्य में पीछे नहीं रहेंगे। इस बात पर सभी वार्डे नो ने करतल ध्वनि से उनकी बात का समर्थन भी किया। इस अवसर पर डिप्टी डिविजनल वार्डे न डॉ पंकज कुमार, स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह, शोएब जलाली, विमल कुमार वर्मा, अरुण त्यागी, सौरभ अग्रवाल, अमिताभ राव, सरोज शर्मा, अनुज शर्मा, रवि मोहन श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, अमित शर्मा, हरिपाल यादव, शिवांश तिवारी, अनुभव द्विवेदी, गंगा राम, ज्ञानेंद्र पांडे, जय करण, राहुल मिश्रा, डॉ सी एल वर्मा, दीपक वर्मा आदि वार्डे न उपस्थित रहे।

## गुमशुदा की तलाश



नाम–साक्षी वर्मा पिता का नाम –रवि वर्मा आयु –22 वर्ष रंग –हल्का सांवला कद – लगभग 5 फुट पता – सी–28, बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे महानगर लखनऊ।

गुमशुदा युवती का विवरण–उपरोक्त युवती दिनांक 29 अगस्त 2025 को अपने घर सी–28 बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे, महानगर, लखनऊ से गणेश विसर्जन में शामिल होने की बात कहकर गई थी, जो अभी तक घर वापस नहीं आई है। इस संबंध में थाना महानगर पर मु0अ0सं0–234 अंतर्गत धारा 87 बी, 309(4), 317(2) BNS पंजीकृत है। परिजन एवं पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग प्राप्त नहीं हो पाया है। पहचान –काली टी–शर्ट, जिस पर सामने पीले रंग से HI लिखा हुआ है। अनुरोध–यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त गुमशुदा युवती के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह कहीं दिखाई दे तो कृपया तत्काल नीचे दिए गए नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जांचकर्ता –उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मो0–9140637911 प्रभारी निरीक्षक थाना महानगर लखनऊ मो0–9454403859 सहायक पुलिस आयुक्त महानगर मो0 –9454401498

# मछरेहटा में मनरेगा घोटाले पर जिम्मेदार अफसर मौन, सवालों के घेरे में व्यवस्था

- ❐ प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत
- ❐ दिनांक 01 फरवरी को पोर्टल पर दर्ज हाजरियां, एक ही मजदूरो की फोटो बार-बार अपलोड की जा रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा, सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बडरावां में मनरेगा कार्यों में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं ने अब प्रशासन की भूमिका पर भी बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। दिनांक 01 फरवरी को पोर्टल पर दर्ज हाजरियां, एक ही मजदूरो की फोटो बार-बार अपलोड की जा रही है और जमकर फर्जी हाजरियां लगाई जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक और पंचायत सचिव की कथित तिकड़ी मनरेगा में मनमानी कर रही है। कार्यस्थल पर मजदूर कम, लेकिन पोर्टल पर हाजरियां भरपूर दर्ज की जा रही हैं। , जिससे फर्जी भुगतान का रास्ता साफ हो जाता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब तकनीकी सहायक की जानकारी में, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की नजरों के सामने और जनपद से जारी सख्त निर्देशों के बावजूद चल रहा है, फिर भी अब तक न तो जांच बैठी, न ही कोई कार्रवाई हुई।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है क्या जिम्मेदार अधिकारी अनजान हैं या फिर यह चुप्पी मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है। यदि समय रहते जांच होती, तो फर्जी हाजरियों और भुगतान का सच सामने आ सकता है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का इस तरह दुरुपयोग न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि गरीब मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार है। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं,क्या मामले की निष्पक्ष जांच होगी। या फिर प्रशासन की यह चुप्पी हमेशा की तरह सब कुछ ठीक है का प्रमाण बनकर रह जाएगी।

# ग्राम पंचायत हजतपुर में एक के बाद एक ऊधड़ रही भ्रष्टाचार की परते

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ मनरेगा सिंगल पारी अटेंडेंस के बाद अब एम,आर पर फर्जी साइन का खुलासा
- ❐ अब हजतपुर में रोजगार सेवक के अतिरिक्त 3 मेट देख रहे काम अलीकुन,अकीला,शबनम बानो,गजब रहस्य

बेहटा सीतापुर। ग्राम पंचायत हजतपुर में सिंगल पारी अटेंडेंस का सिलसिला तो जारी ही था अब एम, आर पर फर्जी साइन का भी खुलासा आया सामने सूत्रों के मुताबिक अब लेवर काम करने के बजाय कुछ चंद सिक्कों के लालच में साइड पर जाकर फोटो खिंचवाने का काम कर रहे है या फोटो से फोटो अपलोड की जा रही है जिसकी दो चार परसेंट सच्चाई की गुंजाइश की पूर्णतया पुष्टि कर दी मस्टर रोल पर अंकित फर्जी साइन ने जहां एक दिवस के कार्य में 3 मेट ने अटेंडेंस लगाने का काम किया हैं किसी एम, आर पर रोजगार सेवक कपिल कुमार के तो किसी पर अकीला तो कही अलीकुन तो कही शबनम बानो के साइन मिले जबकि रोजगार सेवक से इस बारे में पुष्टि की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि एम आर पर जो मेरे साइन है वो फर्जी है मैने कोई साइन नहीं किया नरेगा काम में प्रधान मुझसे कोई मतलब ही नहीं रखते हैं यहां तक मेरे द्वारा कार्य की कोई डिमांड भी नहीं लगती ब्लॉक पर 5 मिनट तक मेरी आर, डी बंद कर डिमांड लगा दी जाती हे कहावत है चोर चाहे जितना शातिर क्यों न हो पर कही न कही अपने पैरों के निशान छोड़ ही जाता है जिसका उदाहरण मिला 1 फरवरी में कराए गए मनरेगा कार्य में जहां 11 मस्टर रोलो पर 83 श्रमिकों का काम दिखया गया वहां रोजगार सेवक कपिल कुमार सहित अलीकुन ,अकीला और सबनम बानो इत्यादि 4,4 नामो से एम,आर, अटेंडेंस अपलोड की गई वैसे तो हर पंचायत में एक मेट की नियुक्ति होती है पर हजतपुर में 3 मेट देखने को मिले डिजिटल इंडिया है प्रधान मंत्री जी का सपना था भारत को डिजिटल इंडिया बनाना पार दर्शिता लाना सो उद्देश्य तो पूरा हो गया हर चीज साइड बेबसाइड पर ऑनलाइन है ओपन है तो क्या जिम्मेदारों को नहीं दिख रही कमियां जो बिना किसी भौतिक सत्यापन के ही क्क ,ड्ड ,ग कर रहे हैं या फिर कही जाय मिलीभगत या गुनगुनाई जाय एक शेर की 2 पंक्तियां,सच्चाई छिप भी सकती हैं यदि आपस में मेल हो खुशबू आ भी सकती है यदि लगा कागज में तेल हो वैसे मनरेगा में फर्जीवाड़ा को लेकर जनपद मुख्यालय पर हुई समीक्षा बैठक के बाद ब्लॉक स्तर से 1/12/2025 को जारी पत्र पत्रांक संख्या 6781के माध्यम से सभी रोजगार सेवकों को सूचित किया गया कि प्रत्येक कार्य दिवस में कराए गए कार्य की डबल पारी में अटेंडेंस अपलोड न करने पर श्रमदान घोषित कर दिया जाएगा तो क्या यह नियम हजतपुर में भी लागू होने के साथ फर्जी साइन करने के संबंधित अपराध में उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा

# जेल में जादूगर ने दिखाए करतब बंदियों ने बजाई तालियां



- ❐ रस्सा कसी खेल के विजेता बन्दियों को मेडल पहनाकर किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने जिला कारागार में बन्दियों में सकारात्मक माहौल बनाए रखने और उनके मनोरंजन के लिए जादू के कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनपद बरेली से आए जादूगर मोहम्मद फारूक ने रोमांचित करने वाले करतब दिखाए। जिसका कारागार के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों सहित बन्दियों ने आनन्द लिया और तालियां बजाकर जादूगर का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्रधिकरण सचिव मनीष कुमार सिंह ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और जेल अधीक्षक जेपी तिवारी द्वारा इस प्रयास की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी बन्दियों के कल्याण और मनोरंजन के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराए जाने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान बसंत पंचमी पर आयोजित रस्सा कसी के खेल में विजेता बन्दियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। अन्त में जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में बन्दियो को सकारात्मक माहौल प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान प्रभारी जेलर अनिल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व स्टाफ मौजूद रहा।

## एक किलोग्राम अफीम के साथ बरेली का तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने मुखिबर की सूचना पर गेल इण्डिया टावर के सामने नवादा मोड़ से फतेहगंज पूर्वी रोड पर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक किलोग्राम अफीम बरामद की। पकड़ा गया तस्कर बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के गांव मल्लपुर निवासी शहादत पुत्र खलील है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त शहादत ने बताया कि वो बरामद अफीम बरेली के थाना फतेहगंज क्षेत्र के गांव पढ़ेरा निवासी उवैश पुत्र शफीक खां और बरेली जनपद के ही लभेडा उर्फ बुलन्दनगर हाफिजगंज के रहने वाले व्यक्ति से लाया है। वो उसका नाम नहीं जानता है। बताया कि वो मादक पदार्थों की तस्करी से ही अपने घर का खर्चा चलाता है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त शहादत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के उपनिरीक्षक इतेश तोमर के साथ हेड कांस्टेवल अजय राना, तैय्यब अली और कांस्टेवल नवीन कुमार मौजूद रहे।

# शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया पैदल गश्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत ने पुलिस बल के साथ थाना सदर बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गो में पैदल गश्त की।

पैदल गश्त के दौरान सीओ पंकज पंत ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए, नियमित एवं प्रभावी गश्त सुनिश्चित की जाए तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। गश्त के दौरान उन्होंने आम नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी प्राप्त हो, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिससे समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। सीओ सिटी ने बताया कि पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। इस दौरान थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह सहित महिला थाना और यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा समय-सीमा से परे लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित समस्त प्रकरणों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र अमौसी/नादरगंज में अवस्थापना सुविधाओं के संबंध में अधिशासी अभियंता, यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया कि नादरगंज से सीपेट तक की मुख्य सड़क एवं ड्रेन का कार्य प्रगति पर है। मुख्य सड़क का कार्य 28 फरवरी, 2026 तक तथा मुख्य सड़क की नाली का कार्य फरवरी माह के मध्य तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की आंतरिक सड़कों के चौड़ीकरण एवं नालियों के निर्माण हेतु प्रस्ताव स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है। गत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में यूपीसीडा द्वारा नगर निगम से समन्वय करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है, जिसकी पुष्टि बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा भी की गई।बैठक में गोयला इंडस्ट्रियल एरिया में एलटी लाइन विकसित किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया कि शेष कार्य आगामी वित्तीय वर्ष के न्यू बिजनेस प्लान के अंतर्गत पूर्ण किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा मौके पर कार्य प्रारंभ होने की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य अभियंता को कार्य प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उद्योग बंधु की इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर नगर आयुक्त, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित उद्योग से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# डॉ. रूपक टंडन ने किया 9 मरीजों का सफल ऑपरेशन, अस्पताल प्रशासन ने जाना हाल-चाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद से पीड़ित 9 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। सभी ऑपरेशन वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. रूपक टंडन द्वारा अत्यंत कुशलता और सावधानी के साथ संपन्न कराए गए। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों की स्थिति सामान्य और संतोषजनक बताई जा रही है।

अस्पताल अध्यक्ष सुरेंद्र तोलानी एवं सचिवऽप्रबंधक राजवीर सिंह ने ऑपरेशन के पश्चात मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशन से पूर्व सभी मरीजों की आवश्यक जांच कराई गई थी और ऑपरेशन के बाद उन्हें उचित दवाएं, परामर्श एवं देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों का स्वास्थ्य लगातार जांचा जा रहा है। मरीजों एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए डॉ. रूपक टंडन और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि चिकित्सालय में उन्हें समय पर इलाज और बेहतर सुविधा मिली, जिससे उन्हें नई रोशनी मिलने की उम्मीद जगी है।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे नेत्र चिकित्सा शिविर एवं ऑपरेशन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल सके।

## बिसवां में 42वें श्री विष्णु महायज्ञ व संगीतमय रामकथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**बिसवां सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री राम चरित मानस समिति के तत्वावधान में 42 वां श्री विष्णु महायज्ञ व संगीतमय रामकथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। मानस मंदिर स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो बाबा मंशाराम मंदिर, प्राचीन हनुमानजी मंदिर, पत्थर शिवाला मंदिर होते हुए पुरैनी नहर में पहुचकर कलश में पानी भरकर यात्रा का समापन मानस मंदिर पर हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर पीले वस्त्र धारण करके चल रही थी।कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए वैद्य रामकिशोर शुक्ला, अवधेश शुक्ला, रामनाथ शुक्ला, पुनीत शुक्ला, अंशू, सानुज शुक्ला व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।कार्यक्रम आयोजक वैद्य रामकिशोर शुक्ला ने बताया कि आयोजन 2 फरवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। जिसमे प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक व शाम को 7 से 10 बजे तक संगीतमय रामकथा कथाव्यास आचार्य दीपक शुक्ला जी महाराज के द्वारा भक्तो को रसपान करवाया जायेगा। यज्ञ के मुख्य यजमान अजय रस्तोगी व कथा यजमान राकेश रस्तोगी है। उन्होंने सभी भक्तों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य आग़ाज़

**बिसवां, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस का कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया । प्रथम दिवस में पी. जी. से द्वितीय कक्षा के नौनिहालों नें अविस्मरणीय मंच संचालन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त लोगों का मन मोह लिया। प्रथम दिवसीय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ रेखा गोयल एवं विद्यालय डायरेक्टर उमंग राजवंशी मुदित सिंघल व अनुज सिंघल नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा आवर्ष शत – प्रतिशत उपस्थित रहे अलीशा खान,माधव वैश्य नर्सरी राज्वी,हम्माद रफी नर्सरी ,अलीजा खान अयात खान तास्फा खान ,त्रिशान मौर्य शौर्य कुशवाहा,आर्वी त्रिपाठी लक्षित वर्मा सम्भव वैश्य , अमरजीत राज आयुष राज,दिव्यांश कुमार ओम मिश्र वर्मा, स्पष्ट वर्मा,अथर्व यादव,अव्यांश कश्यप,कृतांश वर्मा,याहया आरिफ अभिनंदन सिंह अर्णव सिंह,इनाया खान रिदा को पुरस्कृत भी किया गया। शैक्षिक व व्यावहारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु नीलम श्रीवास्तव ,जूली पाण्डेय, रोली अवस्थी, अंशिका त्रिपाठी,नीती जैन ( शिक्षिका) रूबी वर्मा को सम्मानित किया गया तथा शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु अंशिका त्रिपाठी, राधा रानी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें किया साथ ही सभी विद्यार्थियों के प्रतिभा प्रर्दशन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों ,अभिभावकों ,पत्रकार बंधुओं एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया।

## भारत-नेपाल सीमा के 1500 गांवों में लगेंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे थारू बहुल एवं सीमांत गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0' का ऐलान किया गया है। इस व्यापक स्वास्थ्य अभियान के तहत 6 फरवरी और 8 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश सहित सीमा क्षेत्र के 1500 से अधिक गांवों में एक साथ स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जाएंगे।इस वर्ष स्वास्थ्य सेवा यात्रा का लक्ष्य करीब 2.5 लाख जरूरतमंद ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य उन दूरदराज और दुर्गम गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जहां आज भी बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों को सामान्य रोगों की जांच, नेत्र एवं दंत परीक्षण, महिला व बाल स्वास्थ्य जांच, मधुमेह व रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर भी किया जाएगा।शिविरों में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की टीम सेवाएं देगी। इसके अलावा लोगों को स्वच्छता, पोषण, नियमित जांच और रोगों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य जागरूकता भी दी जाएगी।आयोजकों के अनुसार यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा विशेष रूप से भारतऽनेपाल सीमा के उन सीमांत इलाकों पर केंद्रित है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बेहद सीमित है। थारू समाज सहित सीमावर्ती गांवों के लिए यह अभियान एक बड़ी राहत और उम्मीद की पहल साबित होगा।सामाजिक संगठनों और स्थानीय सहयोग से संचालित यह यात्रा ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आयोजकों ने अपील की है कि ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं।

# कस्ता चौराहे पर पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान 18 वाहनों के चालान, तीन बाइक सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कस्ता चौराहे पर पुलिस द्वारा विशेष साधन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 18 वाहनों के चालान किए गए, जबकि नियमों के गंभीर उल्लंघन पर तीन बाइकों को सीज किया गया। इसके साथ ही ओवरहाइट गन्ना लदी एक ट्रॉली का भी चालान किया गया।यह विशेष अभियान थाना मितौली प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में कस्ता चौकी प्रभारी जय कृष्णा तिवारी, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अंकित हुड्डा, अनुज कुमार, पीयूष कुमार सहित पुलिस बल के अन्य जवान मौजूद रहे।चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना कागजात, ओवरलोडिंग, ओवरहाइट वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मौके पर ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना, अवैध व खतरनाक वाहनों पर कार्रवाई करना और आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी क्षेत्र में नियमित रूप से चेकिंग अभियान जारी रहेगा।पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हेलमेट, लाइसेंस, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा ओवरलोडिंग व ओवरहाइट वाहनों से परहेज करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशानुसार सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित विशेष टीम ने सोमवार को ग्राम मखदूमपुर, तहसील सदर एवं जिला लखनऊ स्थित सरकारी कब्रिस्तान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

ग्राम मखदूमपुर स्थित खसरा संख्या-227, क्षेत्रफल 0.038 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के खाते में दर्ज है। उक्त भूमि पर अस्थायी रूप से किए गए अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने के बाद नगर निगम एवं तहसील सदर की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। यह अभियान नगर निगम लखनऊ एवं तहसील सदर के समन्वय से पूरी तरह योजनाबद्ध एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम लखनऊ अरविन्द पाण्डेय की उपस्थिति रही।

मौके पर नायब तहसीलदार श्री तेजस्वी प्रकाश त्रिपाठी एवं रत्नेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम के राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरी, लेखपाल शक्ति वर्मा, राजू सोनी एवं विनोद वर्मा ने आवश्यक कार्रवाई की। इसके साथ ही तहसील सदर के राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार सिंह तथा लेखपाल प्रशांत कुमार भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना गोमती नगर विस्तार के थानाध्यक्ष द्वारा पुलिस बल एवं पीएसी बल उपलब्ध कराया गया। नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से जेसीबी मशीन की सहायता लेकर अस्थायी अवैध निर्माण और कब्जे को हटाया गया। दिनांक 02 फरवरी 2026 को यह भूमि पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करा ली गई। प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद भूमि को पुनः कब्रिस्तान के अभिलेखित स्वरूप में सुरक्षित कर दिया गया है। इस भूमि की बाजारू कीमत लगभग 06 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसे अतिक्रमणमुक्त कराकर नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण सरकारी संपत्ति को सुरक्षित किया है।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी, सार्वजनिक एवं धार्मिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिले में अवैध अस्पतालों की भरमार धरपकड़ के लिए स्वास्थ्य विभाग कर रहा खाना पूर्ति

❒ प्रतिषठित अस्पतालों का साइन बोर्ड लगाकर संचालक दे रहे स्वास्थ्य विभाग को चकमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कटराबाजार में झोलाछाप के अस्पताल में हुई जुड़वा बच्चों की डिलीवरी में बच्चे की मौत, बच्ची की हालत नाजुक

गोंडा। शहर और कस्बों में अवैध अस्पतालों की भरमार है।अकुशल एवं अयोग्य लोग भी अस्प ताल के संचालक बन बैठे हैं।बाहर डिग्री धारक डॉक्टरों के नाम का बोर्ड लगाया गया है, अंदर इलाज करने वाले कोई और मिल रहे हैं।लोगों का आरोप है कि मर्ज कोई भी हो दवा एक जै सी दी जा रही है।

बिल भी मोटी धनराशि की तै यार हो रही है। स्वास्थ्य सेवा के नाम पर कुछ ही दिन में तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अब ऐसे छद्म किस्म के अस्पतालों को बंद कराने की कसरत शुरू कर दी है।मुख्यालय से लेकर जिले के प्रमुख कस्बों में बिना पंजीकरण के अस्पताल एवं मेडिकल क्लीनिक चलाने की होड़ मची हुई है। इस धंधे में महानगरों के प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के अस्पता लों के नाम का दुरुपयोग करने से भी ऐसे लोग चूक नहीं रहे हैं। छद्म किस्म के अस्पताल अक्सर मुख्य मार्गों से हटकर गली-मोहल्लों में खोले जा रहे हैं, ताकि आते-जाते समय किसी जिम्मेदार की नजर न पड़े।कुछ संचालक तो डि ग्री धारक नामी चिकित्सकों का बोर्ड भी लगा रखे हैं, ताकि मरीज गुमराह होकर उनके यहां पहुंचे।अधिकतर किराए के भवनों में ही इस तरह के अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। यहां बिना मानक के ही कमरों में भर्ती वार्ड और ऑपरेशन थियेटर तक बनाए गए हैं।खून, पेशाब, अल्ट्रासाउंड आदि जांच की भी सुविधा दी जा रही है। मगर, इसके लिए योग्यता धारी मेडिकल स्टॉफ की जगह मशीनों का सहारा लिया जा रहा है।इन अस्पतालों के झांसे में मरी ज और उनके तीमारदार आ रहे हैं।उनसे इला ज के नाम पर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। स्थि ति बिगड़ने पर उन्हें रेफर कर दिया जाता है। इ स तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है इस के बाजूद भी स्वास्थ्य विभाग कुम्भकर्णी की नी द में सोया हुआ है।

## घर में संचालित हों रहा अवैध क्लिनिक

कटरा बाजार में घर के अंदर संचालित अवैध क्लीनिक पर प्रसव के बाद नवजात की मौत से हड़कंप मच गयासिसई जोगा निवासी महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया,जिनमें एक नव जात लड़के की मौके पर ही मौत हो गई, जब कि नवजात बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे गोंडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना से नाराज़ परिजनों ने सीएचसी अधीक्षक से शिकायत की।शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक पर छा पा मारा,लेकिन डॉक्टर और स्टाफ मौके से फ रार मिले।जांच में सामने आया कि बोरे पर प्रस व कराया जा रहा था,जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।वही सीएचसी अधीक्षक डॉ.इंदु राणा ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिका रियों को भेज दी गई है और दोषियों के खिला फ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।परिजनों ने पूरे मामले में न्याय की मांग की है।

# भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, नानपारा में समन्वय बैठक में बनी संयुक्त रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारतऽनेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को लेकर तहसील नानपारा में उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व, पुलिस, एसएसबी एवं वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार की। बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, विधिसम्मत, नियमों के अंतर्गत तथा समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से संपन्न की जाए, ताकि आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, 42वीं वाहिनी एसएसबी बहराइच के प्रतिनिधि, उपप्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि (वन क्षेत्राधिकारी), तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार नवाबगंज, थाना रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक तथा नवाबगंज, चरदा एवं केवलपुर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल उपस्थित रहे। तहसीलदार नानपारा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में कुल 367 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 184 अतिक्रमण पहले ही हटवाए जा चुके हैं। वहीं 13 अवैध कब्जों को वर्तमान में हटाया जा रहा है। शेष मामलों में से 19 अतिक्रमणों को अगले तीन दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि अन्य मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र में सुचारू प्रशासन, भूमि संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर आपसी समन्वय के साथ अभियान को और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सरकारी भूमि संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम बताया ।

# महिलाओं व छात्राओं से साझा की गयी हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी

❒ मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंब रों की जानकारी साझा की गयी।इस दौरान गां वों कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल ल गाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान टीमों द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को म हिला सशक्तिकरण,साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानून द्वारा प्रदत्त अ धिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के संबंध में जान कारी प्राप्त की गई तथा उनके आवागमन के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर चर्चा की गई।इस अवसर पर महिलाओं,बालिकाओं से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए, जिनके माध्यम से संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया।साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर संदि ग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई,जिससे भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो। टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को भरोसा दि लाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर है।इसके सा थ ही शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु किया जा सकता है।

## आपातकालीन स्थिति में डायल करें

112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 ऽ माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा,इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों,जैसे अज्ञात कॉल अथ वा संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न क रने,बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव तथा सोशल मी डिया पर गोपनीयता बनाए रखने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया।टीमों द्वारा यह भी बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य केवल महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे प्रत्येक परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।

# महिलाओं के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं मंडलायुक्त ने अधिकारियों को दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय में महिलाओं हेतु विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया।इस अवसर पर देवीपाटन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपनी व्य क्तिगत,पारिवारिक,राजस्व,पुलिस एवं भूमि वि वाद से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा।

कुल 11 महिलाओं ने जनसुनवाई में अपने-अपने प्र करण प्रस्तुत किए,जिन्हें आयुक्त ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।जनसुनवाई के दौरान महिलाओं ने पारिवारिक विवाद, घरे लू उत्पीड़न,भूमि पर अवैध कब्जा, सीमांकन, पुलिस से संबंधित समस्याओं सहित अन्य विष यों पर अपनी पीड़ा साझा की है।आयुक्त ने प्र त्येक प्रकरण में संबंधित तथ्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित,निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और न्या य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,जनसुनवाई में अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला भी सामने आया।महिला फ रियादी कुसुम सोनी ने आरोप लगाया कि पंत नगर स्थित मकान संख्या 186/2,जो नगर पा लिका के अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है,उस पर उनके ही भाई द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।फरियादी के अनुसार वे निय मित रूप से हाउस टैक्स जमा करती आ रही हैं,इसके बावजूद भाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपने हिस्से का मकान बन जाने के बाद भी उनके हिस्से को खाली नहीं किया जा रहा।महिला ने गाली-गलौज और जा न से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा या तथा अवैध कब्जा हटवाने और प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।आयुक्त ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के गरीब एवं भूमि हीन पट्टेदारों की कृषि योग्य भूमि के सीमांकन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया गया। अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा ने बताया कि ग्राम फरेंदा शुक्ल, तहसील सदर की निवासी शोभादेवी सहित दर्जनभर प्रार्थियों ने भूमि के सीमांकन के लिए प्रार्थनापत्र दिया था।प्रार्थनापत्र में उल्ले ख किया गया था कि बरसात के दौरान जलम ग्न स्थिति के कारण खेतों की मेड़ समाप्त हो गई, जिससे आसपास के किसानों द्वारा खेतों का रकबा बढ़ा लिया गया।सीमांकन न होने के कारण रबी की बुवाई भी बाधित हो रही थी।

मंडलायुक्त के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर द्वारा तहसीलदार सदर से मामले की जां च कराई गई,जिसके उपरांत संबंधित भूमि का विधिवत सीमांकन कराया गया।साथ ही सभी पट्टेदारों को मौके पर कब्जा भी दिलाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कमजोर एवं वंचित वर्गों से जुड़े भूमि संबंधी मामलों में नियमों के अनुरूप त्वरित और न्यायसंगत कार्रवाई की जा रही है, ताकि उन्हें उनके अधिकार समय पर मिल सकें।जनसुनवाई के अंत में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और फरियादियों को कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराया जाए, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# कृषि वानिकी को बढ़ावा देने की पहल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से नेचर बायो फूड्स द्वारा इकोलाइफ फाउंडेशन के सहयोग से नानपारा क्षेत्र के किसानों को 60 हजार पॉपलर के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित तिवारी ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ावा देकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पॉपलर के वृक्ष कम समय में तैयार होकर किसानों को अच्छा आर्थिक लाभ देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था की ओर से आगे भी सतत कृषि, पर्यावरण संरक्षण और किसान सशक्तिकरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर विकसित किए जा सकें।इस अवसर पर नेचर बायो फूड्स एवं इकोलाइफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और किसानों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी वा क्विज प्रतियोगिता का हुवा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत बच्चों में वैज्ञानिक जागरूकता व खोज प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया।

आज की प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विज्ञान विषय से जुड़े 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न व साक्षात्कार के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न कराई गयी।प्रतियोगिता में समस्त बच्चों में से सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों का चयन करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों का चयन किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चे अंश मिश्रा, राधिका बाजपेई उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोढयाल, राम प्रकाश यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय यादवपुर, किशन अवस्थी उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरशाहपुर तथा सोनिल उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा रहे।सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों में से रेंडम सेंपलिंग के आधार पर पांच टीमों का चुनाव करते हुए उनके बीच में क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में टीम ए विजेता टीम रही, जिसमें अंश मिश्रा, टीकाराम ,सचिन, सोनाक्षी व सोनिल शामिल रहे। ये बच्चे जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। इस तरह कुल 10 बच्चे, 5 बच्चे विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए तथा 5 बच्चे क्विज प्रतियोगिता के लिए जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। सभी बच्चों को स्टेशनरी किट, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, बैग, कॉपी, ज्योमेट्री बॉक्स माइक्रोस्कोप किट तथा विज्ञान से जुड़ी पुस्तक प्रदान की गई।कार्यक्रम को सुचितापूर्ण संपन्न कराने में खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार की मुख्य भूमिका रही। समस्त एआरपी आशुतोष शर्मा ,चंद्रशेखर वर्मा, रश्मि मद्धेशिया तथा नरेंद्र कुमार राय का आवश्यक सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, प्रद्युम्न कुमार पांडे, कौशल कुमार शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, उमा सोनी, पूजा दीक्षित, अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार पांडेय, शैलेंद्र कुमार, अनुराग मिश्रा, अवधेश गुप्ता, गरिमा सिंह, स्नेहा पांडे, गायत्री तिवारी, मांडवी शाही आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय दौतरा में बुक्स फार आल ट्रस्ट की पुस्तकों के योगदान से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान



**रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय दौतरा, विकास क्षेत्र महराजगंज, जनपद रायबरेली का बाल पुस्तकालय आज ग्रामीण अंचल में पढ़ने की संस्कृति का प्रेरक केंद्र बन चुका है। एक वर्ष पूर्व इस पुस्तकालय का उद्घाटन स्वयं तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के करकमलों द्वारा हुआ था। तब शुरू हुई यह पहल आज जनसहयोग की मिसाल बन गई है। बीते एक वर्ष में 1000 से अधिक पुस्तकें बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीण वासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा दिल्ली एन सी आर स्थित भी एफ ए (बुक्स फार आल) ट्रस्ट के सहयोग से दान स्वरूप प्राप्त हुई हैं। हाल ही में ट्रस्ट द्वारा स्तरानुसार 100 कहानी पुस्तकों सहित आकर्षक वाल हैंगिंग लाइब्रेरी भेजी गई, जिसने बच्चों के बीच पढ़ने का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है। अब विद्यालय में अवकाश के क्षण हों या पुस्तकालय का समय—बच्चे उत्सुकता से अपनी पसंद की पुस्तक चुनते दिखाई देते हैं। कहानियों के माध्यम से उनकी कल्पनाशक्ति पंख लगा रही है, भाषा कौशल निखर रहा है और सीखने की जिज्ञासा स्वाभाविक रूप से विकसित हो रही है। इस पुस्तकालय का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ पूर्व छात्र एवं आसपास के अन्य विद्यालयों के बच्चे भी ले रहे हैं। इस प्रेरक प्रयास के पीछे विद्यालय परिवार का सतत समर्पण भी उल्लेखनीय है। विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह, विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता निरंतर बच्चों को पठन के लिए प्रेरित करते हुए इस अभियान को जीवंत बनाए हुए हैं। विशेष बात यह है कि प्रत्येक पुस्तक दानकर्ता का विवरण विद्यालय की वेबसाइट पर आज भी सुरक्षित उपलब्ध है—जो पारदर्शिता, विश्वास और आभार का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। विद्यालय परिवार ने सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ नींव है और पढ़ने की यह संस्कृति निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल' की नगर इकाई ने कोतवाली प्रभारी को किया सम्मानित




**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल' की नगर इकाई के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने कोतवाल जगदीश यादव का माल्यार्पण,अंगवस्त्र व राधाकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में व्यापारियों और आम जनता के बीच सुरक्षा का भाव बढ़ा है। कोतवाली प्रभारी के कार्य करने की शैली और जनसुनवाई के प्रति उनकी गंभीरता सराहनीय है। इस अवसर पर अशोक साहू, कमल मौर्य राजा जायसवाल, संतोष मौर्य, रंजीत कुशमेश, राजा श्रीवास्तव, बृजेश सोनी शिवम प्रजापति आदि व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिकंदरपुर में घर से अनाज चोरी होने की घटना से इलाके में हड़कंप

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में घर से अनाज व गृहस्थी का समान का चोरी होने की घटना से इलाके में हड़कंप मचा दिया है। सिकंदरपुर गांव निवासी पवन कुमार श्रीवास्तव उर्फ बबलू ने चंदापुर पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर घर से 15 कुंतल धान , पांच कुंतल गेहूं, टुल्लू पंप व अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए महाबलगंज मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी शिवम, सुजीत उर्फ अचिन वर्मा व अंकुश समेत तीन लोगों को नामजद किया है। शिकायत कर्ता पवन कुमार अपनी पत्नी शोभा श्रीवास्तव (आशा बहू) के साथ सीएचसी महराजगंज स्थित सरकारी आवास में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 29 व 30 जनवरी को जब वे अपने गांव सिकंदरपुर पहुंचे, तो उन्हें घर के अंदर रखा सारा सामान गायब मिला। चंदापुर थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई, व चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# जाम के झाम से हर दिन जूझ रहे शहरवासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर की रफ्तार इन दिनों जाम के आगे बेबस नजर आ रही है। गोंडा-लखनऊ रोड से अम्बेडकर चौराहा, एलबीएस चौराहा, इनकैन चौराहा, जिला अस्पताल, बड़गाँव पुलिस चौकी अग्रसेन चौक तक आए दिन सड़क पर छोटे-बड़े जाम लग रहे हैं।कई जगहों पर तो दो सौ से पांच सौ मीटर तक वाहनों की कतार लग जाती है।

स्थिति यह है कि आधी सड़क पर तो वाहन वालो की पार्किंग करके कब्जा किये हुए है।जाम के कारण शहर में आवागमन प्रभावित है और आम लोगों का समय,ईंधन व कामकाज तीनों पर सीधा असर पड़ रहा है।सबसे अधिक परेशानी स्टेशन रोड और उतरौला रोड चौक के बीच देखने को मिल रही है।स्टेशन रोड के स्था नीय लोगो ने बताया कि सड़क गोंडा बलराम पुर रोड कहने को तो फोर लेन लेकिन आधी सड़क तो फुटपाथ पर सब्जी और अवैध पार्कि ग वालो का कब्जा है। नतीजा यह कि वाहन चालकों को निकलने के लिए जगह नहीं मिल ती है लोगों का कहना है कि जैसे ही इस मार्ग से एक भी सरकारी बस गुजरती है, दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जा त ी है,जयनरायण चौराहे से बस स्टैंड तक पहुंचने में बस को कम से कम आधा घंटा लग जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क शहर की सबसे महत्व पूर्ण सड़कों में से एक है।इसी रास्ते से जिला मु ख्यालय अस्पताल सहित कई जरुरी स्थानों त क पहुंचा जाता है।ऐसे में इस मार्ग पर याताया त का सुचारु रुप से संचालन होना अति आव श्यक है,लेकिन मौजूदा व्यवस्था में ट्रैफिक पुलि स नाकाम साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि जाम के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पर्याप्त निगरानी नहीं होती, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है।स्कूली बसों के निकलते ही जा म की समस्या हो जाती गंभीर यही हाल सरकु लर रोड फातिमा कॉलेज है।इस इलाकों में स्कू ल बसों के निकलते ही जाम की समस्या विक राल हो जाती है।स्थानीय लोगों के अनुसार स्कू ल की एक भी बस आते ही सड़क पर वाहनों का लंबा कतार लग जाता है और लोगों को पार करने में घंटा भर तक का समय लग जाता है। कई बार तो छोटे वाहन फंस जाते हैं और दोप हिया चालकों को गलियों में घुसकर निकलने की मजबूरी हो जाती है।

## नो एंट्री में घुस रहे वाहन व मालवहक गाड़ियां

जाम के पीछे एक और गंभीर कारण बड़े वाह नों और मालवाहक गाड़ियों का नियमों का पा लन नहीं करना है।स्थानीय लोगों ने आरोप ल गाया कि मालवाहक वाहन निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार नहीं चलते।कई बार ऐसे वाहन प्रति बंधित समय में भी शहर के अंदर घुस जाते हैं, जिससे सड़क पर दबाव बढ़ जाता है।लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस को मैनेज कर माल वाहक वाहन अंदर प्रवेश कर जाते हैं और फिर जाम लगना तय हो जाता है।लोगों के अनुसार इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की अनदेखी से वा हन अव्यवस्थित तरीके से निकलने लगते हैं, जिससे जाम और खींच जाता है।लेकिन इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बाद भी रूट चार्ट का पालन नहीं कराया जा रहा। नतीजा यह कि वाहन एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश में फंस जाते हैं और पूरा मा र्ग ठप हो जाता है।

# कजरी गौशाला का एसडीएम एवं बीडीओ ने निरीक्षण कर दिये जाँच के आदेश, गौसेवक ने प्रधान पर लगाये गम्भीर आरोप, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आरोप है की गौवंशों के शव लावारिस हालत में सड़ रहे हैं, जिन्हें कुत्ते और कौए नोच रहे हैं, जबकि अवशेष छुपाने के लिए ऊपर से मिट्टी डाल दी गई है**

पूरनपुर । गौशाला में गौ संरक्षण के दावों की हकीकत सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी के निर्देशन पर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी ने कजरी की गौशाला का निरीक्षण कर जाँच के आदेश दे दिये राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े गौ सेवा कार्यकताओं ने गौशाला परिसर व आसपास के खेतों में बड़ी संख्या में मृत गौवंश पड़े होने का दावा किया है।

आरोप है कि गौवंशों के शव लावारिस हालत में सड़ रहे हैं, जिन्हें कुत्ते और कौए नोच रहे हैं, जबकि अवशेष छुपाने के लिए ऊपर से मिट्टी डाल दी गई है राष्ट्रीय बजरंग दल के पिपरिया मझरा ग्राम अध्यक्ष गगन मिश्र, गौ रक्षा प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया सहित गौ सेवा टीम के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे उनका कहना है। कि गौशाला के आसपास के खेतों में लगभग 20 मृत गौवंश पड़े मिले, जिनके अवशेष इधर-उधर बिखरे थे इसके अलावा गौशाला के बाहर करीब तीन एकड़ क्षेत्र में मांस के टुकड़े और हड्डियां फैली होने का भी आरोप लगाया गया गगन मिश्र का आरोप है। कि जब उन्होंने गौशाला के अंदर जाकर स्थिति देखने का प्रयास किया तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने उनके साथ बदसलूकी और धक्का मुक्की की तथा उन्हें बाहर निकाल दिया बाद में गौशाला संचालक व प्रधान सोढ़ी के पहुंचने पर भी कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया इस दौरान गौशाला संचालन और देखरेख को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए गौ सेवा कार्यकताओं का कहना है। कि विभिन्न गांवों से पशुओं को गौशालाओं में भेजा जा रहा है, लेकिन वहां समुचित देखभाल न होने के कारण गौवंश बीमारी, भूख और प्यास से दम तोड़ रहे हैं। आरोप है कि मृत्यु के बाद भी उनका विधिवत अंतिम संस्कार नहीं कराया जा रहा, जिससे गौवंशों के अवशेष खुले में पड़े रहते हैं।राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से इस मामले में प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया है। संगठन ने गौशालाओं की नियमित जांच, दोषियों पर कार्रवाई और गौवंशों की उचित देखभाल सुनिश्चित कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है। कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद रविवार देर रात एसडीएम अजीत प्रताप सिंह प्रभारी खंड विकास अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने गौशाला और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की इस मामले को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी शिवम भदौरिया अपनी टीम के साथ गौशाला पहुंचे और घटना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की संगठन ने गौशाला प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की राष्ट्रीय बजरंग दल का कहना है। कि गौवंश के संरक्षण के प्रति शासन-प्रशासन को और अधिक गंभीरता दिखानी चाहिए।उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एव प्रभारी खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव और पशु चिकित्साधिकारी आशीष शर्मा ने गौशाला व उसके बाहर का पुनः निरीक्षण किया अधिकारियों ने मृत पशु के अवशेषों, साफ-सफाई और गौशाला में मौजूद व्यवस्थाओं की जांच की तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## सेमरौता में श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

तिलोई, अमेठी। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व सोमवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास पं. नरेन्द्र पाण्डेय जी की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा में यजमान के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया।कलश यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने आम जनमानस को भक्ति भाव से जुडने का संदेश देते हुये क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी सुरेश कुमार अग्निहोत्री द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें मध्य प्रदेश के अमर कंटक से पधारे कथा व्यास पं. नरेन्द्र पाण्डेय जी महाराज द्वारा नियमित दोपहर में दो बजे से छह बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा।सोमवार को कार्यक्रम स्थल से गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा के साथ कथा व्यास पं. नरेन्द्र पाण्डेय जी महाराज और यजमान सुरेश कुमार अग्निहोत्री द्वारा गांव के प्राचीनतम मंदिर बाबा उजियार नाथ एवं राम जानकी मंदिर सेमरौता में दर्शन पूजन कर बाबा दतेहरेश्वर धाम, मोक्षेश्वरी मंदिर उसरहा, आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद बाबा बालदास की तपोभूमि जयनगरा स्थित प्राचीनतम सगरा में जल भरकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

# समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद का पूरनपुर आगमन पर सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू के नेतृत्व में गढ़वाखेडा में भव्य स्वागत किया गया जहां से गाड़ियों के काफिले के साथ उनको आसाम रोड पंकज कालोनी स्थित आवास पर लाया गया जहां उनको फूल मालाओं, बुके, मोमेंटो भेंट किए गए।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मो. फहद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही युवाओं, छात्रों और किसानों की सच्ची आवाज़ है वर्तमान समय में युवाओं के सामने बेरोज़गारी, महंगाई और शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दे हैं जिनके समाधान के लिए समाजवादी विचारधारा को और मजबूत करना जरूरी है संगठन के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह जमीनी स्तर पर जनता की लड़ाई लड़े आयोजक राजकुमार राजू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में युवजन सभा लगातार मज़बूत हो रही है। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ छात्र नेता नोमान अली वारसी ने कहा है कि पूरनपुर क्षेत्र का युवा समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है और आने वाले समय में संगठन को नई ऊर्ज़ा मिलेगी इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा है कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार ही बनेगी कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा ने किया कार्यक्रम में प्रशान्त अवस्थी रजनीश यादव, बसंत भारती, ओमकार भारती जिला पंचायत सदस्य, शिवम यादव, प्रमोद वर्मा, आकाश भारती, शैलेन्द्र सिंह, कपिल वर्मा, संजू शर्मा, अरविंद शर्मा, शेर सिंह गौतम, नाबिर अली मंसूरी, नौशाद गाजी, साजिद सभासद, नादिर रज़ा बरकाती समेत सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## पटिहन में मनरेगा योजना के तहत बड़ा फर्जीवाड़ा

पूरनपुर, पीलीभीत । ब्लॉक की ग्राम पंचायत पटिहन में मनरेगा योजना के तहत बड़ा फजीांड़ा सामने आया है मजदूरों की उपस्थिति फर्जी तरीके से दर्ज की गई है एनएमएमएस नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया डिजिटल पड़ताल में यह सामने आया कि नाम किसी और का फोटो किसी और की, दो फोटो की जगह सिर्फ एक फोटो मोबाइल से मोबाइल फोटो डालकर हाजिरी, मजदूर मौके पर नहीं, लेकिन भुगतान जारी जिम्मेदारों के द्वारा एनएमएमएस नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है नियमों के अनुसार एनएमएमएस ऐप की मदद से मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक दिन में दो चरणों में फोटो लिया जाना अनिवार्य है काम शुरू होने सुबह और खत्म होने दोपहर शाम की जियो टैग की गई तस्वीरें लेनी होती हैं जिसमें पहली और दूसरी तस्वीर के बीच कम से कम 4 घंटे का अंतर है होना चाहिए लेकिन यहां एक ही फोटो को लगाया गया, आरोप यह भी है। कि एक ही फोटो को अलग-अलग दिनों में मोबाइल से मोबाइल फोटो का प्रयोग करके एनएमएमएस ऐप पर फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज की गई दिनांक 13 जनवरी एवं 16 जनवरी एवं 24 जनवरी एवं 25 जनवरी को एक ही फोटो को अलग-अलग दिन पर अपलोड करके फर्जी हाजिरी लगाई गई जो फजीर्वाड़े की तरफ साफ तौर से इशारा कर रहा है कि यहां फजीर्वाड़ा का खेल चल रहा है एनएमएमएस ऐप का दुरुपयोग करके सरकार को भ्रामक डाटा अपलोड किया जा रहा है उत्तर प्रदेश सरकार एवं पीलीभीत के जिलाधिकारी के कड़े निदेशों के बावजूद भी ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवक भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।

# नौकरी के नाम का झांसा देकर ठगी करने वाले 4 शातिर युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अमरिया पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का सनसनीखेज पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से दो लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं मामला अमरिया थाना क्षेत्र का है सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से काम करता था आरोपी पहले बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे एएसपी ने बताया कि गिरोह का एक सदस्य खुद को बड़ा सरकारी अधिकारी बताकर पीड़ितों से फोन पर बात करता था इसके बाद युवाओं को फर्जी जॉइनिंग लेटर, पहचान पत्र और सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराई जाती थी इतना ही नहीं, कुछ महीनों तक उन्हें 'काम' पर रखकर उनके बैंक खातों में वेतन के नाम पर रकम भी भेजी जाती थी ताकि नौकरी असली लगने लगे इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य पीड़ितों का भरोसा जीतना और उन्हें अन्य बेरोजगार युवाओं को भी इस जाल में फंसाने के लिए प्रेरित करना था मुखबिर की सूचना पर अमरिया पुलिस ने घेराबंदी कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया इनमें पीलीभीत निवासी कमलेश कुमार, मोहल्ला भूरे खां निवासी मो. मोहसिन और शोएब पीलीभीत, तथा गोरखपुर निवासी रामा यादव शामिल हैं। रामा यादव का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है कमलेश जिला कार्यक्रम कार्यालय बाल विकास विभाग पीलीभीत में फोर्थ क्लास पद पर कार्यरत था मोहसिन डूडा मे कार्यरत था जो कि डूडा ऑफिस से बर्खास्त हो चुका है पुलिस ने सरकारी विभाग में कार्य करने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कंपोजीट विद्यालय चंदोई में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश अनुसार जनपद पीलीभीत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड मरौरी के ग्राम भमोरा के न्यू लाइफ चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल एवं ग्राम खरोसा एवं चंदोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम बक्शपुर के प्राथमिक विद्यालय में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के पर्यवेक्षक राहुल मौर्य के द्वारा बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे बताया गया, साथ ही बताया गया कि बच्चे की शिक्षा में प्राथमिकता होनी चाहिए उसके उपरांत ही वह अन्य कार्यों को जीवन में सुचारु रूप से कर सकेंगे।

छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वह स्वयं भी आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे एवं आस-पास आम जन को भी बताएंगे कि वह बाल विवाह न करें।तत्पश्चात विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं को विभागीय योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, की जानकारी दी गई, साथ ही बाल विवाह न करने हेतु शपथ ली गई एवं हेल्पलाइन नंबर 1098 181, 1090,112,108 एवं 1076 आदि की जानकारी दी गई वहां उपस्थित शिक्षक एवं बच्चों को बताया की यदि आपको आपके आसपास कोई भी बाल विवाह,बाल श्रम, गुमशुदा, लापता बच्चों की सूचना प्राप्त हो तो आप इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं संबंधित थाने को दे सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान व स्कूल के प्रधानाचार्य व अध्यापकगण उपस्थित रहे हैं।

# विद्यालयों का कायाकल्प शासन की प्रथम प्राथमिकता है: एमएलसी शैलेन्द्र

**ग्राम प्रधान एवं प्राानायापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धनपतगंज, सुलतानपुर। धनपतगंज बीआरसी पर ग्राम प्राानों व प्राानायापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विाान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिाि त्रिनेत्र पाण्डेय का खण्ड शिक्षा आकािरी दिलीप कुमार ने माल्यार्पण एव बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा उत.ष्ट कार्यो के लिए हर न्याय पंचायत से एक एक अयापक को सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वालों मे रामस्वरूप, शारदा गोस्वामी,अनीता विश्वकर्मा,संगीता पांडेय, राम तीरथ रजक, विजय पाल सिंह पीयूष रहे । मुख्य अतिथि विाान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालयो का कायाकल्प शासन की प्राथमिकता है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिाि त्रिनेत्र पाण्डेय ने कहा कि विद्यालयों के शेष कायाकल्प कार्यो को क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत से पूरा कराया जाऐगा। खण्ड शिक्षा आकािरी दिलीप कुमार ने कहा कि गतिमान निपुण आकलन मे ब्लाक को निपुण बना दिया जाऐगा। एआरपी अंजनी नंदन पाण्डेय ने विकास का शैक्षिक विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राान अमऊजासरपुर बब्लू मिश्रा प्राान प्रतिनिाि पण्डरे अरशद प्राान सरैया विरान बनारसी यादव, प्रा.शिक्षक संघ जिला महामंत्री राम आशीष मौर्य, जूनियर शिक्षक संघ अयक्ष नवीन पाण्डेय, एआरपी अन्जनी नन्दन पाण्डेय व राकेश तिवारी ब्लाक व्यायाम शिक्षक अरविन्द सिंह, शिक्षा मित्र संगठन जिलायक्ष दिनेश चन्द्रा, शिव प्रसाद तिवारी हरि प्रसाद यादव, देवमणि यादव, अमरेन्द्र सिह , बिजय प्रताप सिह, अशोक मिश्रा,आशा पाठक, मन्जू मौर्य आदि उपस्थिति रहे ।

# शहीद हुआ जिले का लाल, बरूई लाया जा रहा पार्थिव शरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बरूई गांव के जवान भूपेंद्र कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में देश की सुरक्षा करते हुए अपनी जान गंवाई है। वे भारतीय सेना के अर्डिनेंस विंग में तैनात थे और ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव लाया जा रहा है, जहां पूरा इलाका गमगीन है और श्रद्धांजलि देने के लिए लोग जुट रहे हैं।

शहीद भूपेंद्र कुमार सिंह के चचेरे भतीजे सत्यम सिंह ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर जम्मू से सुबह 10:15 बजे की फ्लाइट से लखनऊ पहुंचेगा, और वहां से सुल्तानपुर के बरूई लाया जाएगा। अभी शहादत के ठोस कारणों की आाकािरक पुष्टि नह हुई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह सीमा पर देशसेवा के दौरान हुआ बलिदान है। बरूई घाट पर उनके सम्मान में अंत्येष्टि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गांववाले, रिश्तेदार और स्थानीय लोग भावुक होकर उन्हें याद कर रहे हैं। शहीद की शहादत पर पूरा परिवार और क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है, साथ ही गहरे दुख में डूबा हुआ है।

# राम वन गमन पथ आयात्मिक करिडोर के रुप में हो विकसित: अमरपाल मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा के राज्यसभा सांसद, भाजपा उत्तर प्रदेश के महामंत्री व काशी क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्य ने राम वन गमन मार्ग पर श्री राम विश्राम गृहों के निर्माण की मांग सोमवार 2 फरवरी को राज्यसभा में की है। उन्होंने राज्यसभा में सभापति के मायम से सरकार का यान आयात्मिक चेतना के जीवंत मार्ग - राम वन गमन पथ की ओर आ.ष्ट कराया है। उन्होंने कहा अयोया से चित्रकूट जाने वाला यह पावन मार्ग उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से होकर गुजरता है।

जिसकी लंबाई लगभग 210 किलोमीटर है। उन्होंने कहा अयोया में भव्य राम मंदिर निर्माण के पश्चात इस मार्ग पर यातायात में 300 से आकि की वृद्धि हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन 30,000 से आकि श्रद्धालु इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। यह मार्ग उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से उभरते हुए जिलों (सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और प्रयागराज) से गुजरता है। लेकिन पदयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए इस मार्ग पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था नह है। महंगे निजी होटलों का बोझ सामान्य नागरिक नह उठा सकता। उन्होंने मांग की कि राम वन गमन पथ पर पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविाा हेतु प्रत्येक 20-25 किलोमीटर की दूरी पर दोनों तरफ एक-एक विश्राम गृह के निर्माण की आवश्यकता है। जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुविााजनक ठहराव मिल सकेगा। इन विश्राम गृहों के परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार की एक जनपद- एक उत्पाद योजना के तहत प्रतापगढ़ का आंवला, सुल्तानपुर और प्रयागराज का मूंज शिल्प, कौशाम्बी का केला,अयोया का गुड़ और चित्रकूट के लकड़ी के खिलौने के स्टल लगाए जाएँ। इससे स्थानीय रेहड़ी-पटरी संचालकों और स्वयं सहायता समूहों को एक संगठित बाजार मिलेगा। यह परियोजना न केवल ाार्मिक पर्यटन को नई ऊँचाई देगी, बल्कि प्राानमंत्री के विरासत भी, विकास भी के विजन को पंख लग सकेंगे। राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से राम वन गमन पथ को एक आयात्मिक करिडोर के रूप में विकसित करने हेतु इस कार्ययोजना को स्वी.ति प्रदान करने का आग्रह किया है। राज्यसभा सांसद द्वारा राम वन गमन पथ पर विश्राम गृह बनाने व आयात्मिक करिडोर के रूप में विकसित किए जाने की मांग का भाजपा जिलायक्ष सुशील त्रिपाठी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ड एमपी सिंह, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने स्वागत करते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

## चेयरमैन के निर्देश पर जगमगाया वार्ड, लगवाई लाइटे हो रही प्रशंसा



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती के अथक प्रयास से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के निर्देश पर लगाई गई आधा दर्जन से अधिक लाइटे माह रमजान के शुरू होने से पहले वार्ड में छाए अंधेरे को दूर करने के लिए नगर पालिका परिषद सभासद नादिर रजा बरकती लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता से माह रमजान के मुबारक महीने पर नवाजियों के लिए मस्जिद में आने-जाने के लिए रास्ते में अंधेरा होने के बारे में जानकारी दी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने तत्काल नगर पालिका परिषद वार्ड 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती की बात को संज्ञान लिया और तत्काल विद्युत प्रकाश व्यवस्था प्रभारी को निर्देश दिए उन्होंने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के निर्देश का पालन करते हुए नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 20 में विभिन्न जगहों पर लाइटे लगवाने का कार्य किया जिसमें मुख्य रूप से सीओ कार्यालय पूरनपुर,उप जिलाधिकारी आवास, एमएफडब्ल्यू जिम सेंटर, सीओ आवास के पीछे, नाजिम फर्नीचर वालों के घर के पास,हाजी नवी हसन के घर के पास लाइट लगाई गई है।लाइट लगने से नगर पालिका का वार्ड नंबर 20 रोशनी से डगमगा गया है। वार्डवासियों ने सभासद नादिर रजा बरकाती एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की भूरी- भूरि प्रशंसा की है।

## रश्मि फिलिंग स्टेशन का मंत्री संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अमरिया विकास खंड के अंतर्गत स्थित गांव गायबोझ में न्यू बाईपास रोड पर स्थित रश्मि फिलिंग स्टेशन का मंत्री ने शुभारंभ कया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार की धर्मपत्नी रश्मि गंगवार के नवीन पेट्रोल पंप ललरश्मि सिंह फिलिंग स्टेशनङ्ग का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया है।मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है।कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्रवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ईंधन,पारदर्शी व्यवस्था तथा आधुनिक सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समर्पित है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह,मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

## फर्जी फोटो से मनरेगा हाजिरी का खेल जारी मजदूर मौके पर नहीं, लेकिन भुगतान जारी

**पूरनपुर, पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के थाना सेहरामऊ उत्तरी गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस की दिये शिकायती पत्र मे बताया उसके पति मजदूरी करने अक्सर बाहर जाते हैं खुद की जमीन न होने के कारण सास ससुर मजदूरी पर लोगों के खेतों की रखवाली करते हैं 15 जनवरी 2026 को पति मजदूरी करने गया हुआ था सास ससुर खेतों की आवारा जानवरों से रखवाली करने गए हुए थे वह रात में अपने बच्चे के साथ अकेली सो रही थी तभी रात 11 बजे गांव के रहने वाले गैर समुदाय का आबिद खान पुत्र साबिर खान घर में घुस आया इसके बाद उसने विवाहिता को बुरी नजर से दबोच लिया और निचिता की सारी हदे पार करते हुऐ साड़ी खींचते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा शोर मचाने पर आरोपी ने तमंचे के बल पर उसको धमकाया वह वमुश्किल आरोपी के चंगुल से छूटकर महिला ने घर से बाहर भाग कर अपनी इज़्ज़त की लाज और जान बचाई घटना को लेकर काफी लोग इकट्ठा हो गए तभी आरोपी ने जाति सूचक गालियां दी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी अगले दिन महिला ने परिजनों के साथ पहुंचकर शिकायत की इसके बाद से आरोपी लगातार उसे धमका रहा है एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## बाघ के हमले मे ग्रामीणों के साहस से बची युवक की जान

**पूरनपुर, पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील के घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया सिमराया के नजदीक हरदोई ब्रांच नहर के टूटापुल की पटरी पर बाघ ने एक युवक पर हमला बोल दिया हुई आसपास मौजूद ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुऐ किसान को बाघ के चंगुल से बचा लिया गंभीर रूप से घायल किसान को पूरनपुर सीएचसी मे उपचार दिया गया उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया सिमराया निवासी प्रेमराज पुत्र रामदयाल अपने खेत में बंदरों से गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे थे और बकरियां चरा रहे थे इसी बीच झाड़ियों में छिपे एक बाघ ने अचानक हमला कर दिया और प्रेमराज को खींचकर नहर की पटरी की ओर ले जाने लगा प्रेमराज ने खुद को बचाने की कोशिश की और जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाने लगे चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर दौड़ पड़े और प्रेमराज को बाघ के चंगुल से बचा लिया हमले में प्रेमराज के शरीर, गर्दन और हाथ-पैरों पर बाघ के दांतों और पंजों के गहरे जख्म आए हैं घटना की सूचना तुरंत पुलिस और वन विभाग को दी गई परिजन और ग्रामीण घायल किसान को निजी वाहन से नजदीकी अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है जिस तरह ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुऐ किसान की जान बचाई सभी लोगो ने उनकी सराहना की है।

## आपदा से निपटने के लिये अमेठी से चयनित होंगे आपदा मित्र

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जनपद अमेठी से आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी, भारत स्काउट एवं गाइड, अग्निसचेतक, पूर्व सैनिक, होमगार्ड एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े प्रशिक्षित अथवा प्रशिक्षण योग्य अभ्यर्थियों से मांगे गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया दो फरवरी से बारह फरवरी तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), लखनऊ में 17 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आवेदन हेतु पात्रता शर्तें इस प्रकार हैं— अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो (पूर्व सैनिकों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी)। अभ्यर्थी जनपद अमेठी का स्थायी निवासी होना चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चयन एवं प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थी को स्वयंसेवक के रूप में किसी भी प्रकार की आपदा के समय सेवाएं देने के लिए तत्पर रहना होगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के भीतर कलेक्ट्रेट अमेठी के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या-30 में जमा कर सकते हैं। अपूर्ण अथवा विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आपदा विशेषज्ञ के मोबाइल नंबर 7830318428 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को भेजा जेल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना अमेठी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना व जनपद अमेठी में वांछित शिव पूजन चौरसिया उर्फ शेखू पुत्र कामता प्रसाद चौरसिया निवासी गंगागंज थाना व जनपद अमेठी उम्र तेइस वर्ष एवं अतुल यादव पुत्र स्व. बलराम यादव निवासी मन्धर पट्टी थाना व जनपद अमेठी उम्र अठाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया।थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद अमेठी, प्रतापगढ़ व सुलतानपुर के विभिन्न थानों पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं वहीं शिवपूजन के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित पूर्व में सोलह अभियोग व अतुल यादव के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित पूर्व में आठ अभियोग पंजीकृत हैं। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों शातिर अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

## केंद्रीय बजट पर आज प्रेसवार्ता करेंगे राज्यमंत्री

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम तीन फरवरी को होना प्रस्तावित है।

## सम्पादकीय

### धुंध के उस पार जीवन सुरक्षित बनाने की मुहिम आईआईटीएम पुणे

पुणे से संचालित एक विशेष वैज्ञानिक अभियान विंटर फॉग एक्सपेरिमेंट यानि वाईफैक्स जो कोहरे को केवल महसूस नहीं करता, बल्कि उसे मापता है, समझता है और पहले से भांपने की कोशिश करता है। विंटर फॉग एक्सपेरिमेंट जानने की कोशिश करता है कि कोहरा कैसे बनता है, कब सबसे घना होगा, कितनी देर टिकेगा और किस वक्त छंटेगा। यह अध्ययन सिर्फ मौसम वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं है। यह उन पायलटों के लिए उपयोगी जानकारी है जिन्हें कम दृश्यता में उड़ान भरनी होती है। उन ट्रैफिक और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के लिए अहम है, जिनके लिए एक गलत अनुमान बड़े हादसे में बदल सकता है और उन नीति-निर्माताओं के लिए जरूरी है जो खराब मौसम के प्रभाव को पहले से समझना चाहते हैं। इसी वैज्ञानिक सोच और दूरदृष्टि का केंद्र है, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिरियोलॉजी यानी आईआईटीएम), पुणे। हाल ही में पीआईबी चंडीगढ़ की महिला पत्रकारों का एक समूह पीआईबी पुणे और पीआईबी मुंबई के साथ आईआईटीएम के दौरे पर पहुंचा तो वाईफैक्स के अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। इस प्रयोग के जरिये कोहरे का 85 प्रतिशत तक सटीक पूर्वानुमान किया जाता है। दृश्यता यानि विजिबिलिटी की बेहतर जानकारी के जरिये हवाई और सड़क यातायात को राहत दी जा रही है। वाईफैक्स बीते कुछ सालों में बादल, बिजली और तूफान की भाषा बखूबी समझने लगा है। आईआईटीएम की स्थापना 17 नवंबर 1962 को पुणे के रामदुर्ग हाउस में हुई थी। शुरुआत में यह संस्थान भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अंतर्गत कार्य करता था और इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) का सहयोग प्राप्त था। समय के साथ इसका स्वरूप बदला और 1971 में स्वायत्त दर्जा मिला। 1985 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत था। 2006 से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन है। आज आईआईटीएम भारत का प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जहां उष्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु पर बुनियादी और अनुप्रयुक्त शोध किया जाता है। यानी महासागर, वायुमंडल,जलवायु प्रणाली पर मूलभूत शोध के जरिये मौसम और जलवायु पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने का काम कर रहा है आईआईटीएम। यहां किया गया शोध केवल अकादमिक नहीं रहता, बल्कि उसका सीधा असर कृषि और जल प्रबंधन,आपदा चेतावनी प्रणाली,परिवहन और शहरी जीवन,आम नागरिकों की सुरक्षा पर दिखाई देता है। आईआईटीएम में इसके अलावा क्लाउड फिजिक्स एंड डायनामिक्स, तूफान (थंडरस्टॉर्म फॉरकास्टिंग), कृत्रिम वर्षा (क्लाउड सीडिंग) जैसे विषयों पर भी शोध होता है। यानी यह समझने की कोशिश की जाती है कि बादल कैसे बनते हैं, बिजली क्यों गिरती है और तूफान कैसे विकसित होते हैं। भारत में मौसम का मतलब मानसून है और आईआईटीएम में मानसून केवल एक मौसम नहीं, बल्कि लगातार अध्ययन का विषय है। यहां मानसून का अल्पकालिक पूर्वानुमान, मौसमी पूर्वानुमान, एक्सटेंडेड रेंज फोरकास्ट, मानसून की परिवर्तनशीलता और अनिश्चितता का अध्ययन कर सूचना आईएमडी को भेजी जाती है। कब बारिश शुरू होगी, कितनी होगी, सूखा पड़ेगा या बाढ़ आएगीकृइन सवालों के पीछे आईआईटीएम के वर्षों के डेटा और विश्लेषण हैं। आईआईटीएम में मौसम का अनुमान अनुभव से नहीं, बल्कि न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन यानी एनडब्ल्यूपी से लगाया जाता है। इस खास प्रक्रिया में देश-दुनिया से मौसम का डेटा, डेटा असिमिलेशन, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटर पर मॉडल रन करना, पूर्वानुमान और चेतावनी जारी करना शामिल जैसे कई चरण शामिल है। यही एनडब्ल्यूपी तकनीक चक्रवात, भारी बारिश और चरम मौसम की समय रहते जानकारी देती है।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भर भारत का बजट

**वित्तमंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत ही इससे की कि विशेष संसाधनों की उपलब्धता इस समय काफी मुश्किल है। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध का जारी रहना, अमेरिका द्वारा दुनिया के एनर्जी संसाधनों को अपने कब्जे में रखने के लिए साम्राज्यवादी तरीकों को अपनाना और चीन द्वारा रेयर अर्थ के नाम पर दुनिया को ब्लैकमेल करना सामान्य घटनाएं नहीं हैं। उस पर भारत के खिलाफ अमेरिका का हाई टैरिफ़ भी मुसीबत के समान है। जाहिर है भारत एक साथ कई मोर्चों पर जूझ रहा है। अब बजट में इन चुनौतियों से लड़ने का क्या अस्त्र मौजूद है, उस पर निगाह डालते हैं। भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता पेट्रोलियम पदार्थों के आयात को न्यूनतम करने की थी। क्योंकि अमेरिका भारत पर दवाब ही पेट्रोलियम खरीद को लेकर डाल रहा था। ट्रम्प प्रशासन भारत को किसी भी कीमत पर रूस से सस्ते तेल खरीदने से रोकना चाहता है। 50 प्रतिशत की टैरिफ़ भी इसी के नाम पर लगाया। अब बेनेजुअला से तेल खरीदने का दवाब आ रहा है, जाहिर है भारत को वह रियायत नहीं मिलेगी, जो रूस दे रहा था। ऐसे में भारत के पास यही रास्ता बचता है कि पेट्रोलियम आयात की निर्भरता जितनी कम हो सके किया जाए। इसी को ध्यान में रखकर केंद्रीय बजट 2026-27 में पेट्रोल-एथेनॉल के बाद सीनजी में बायो-गैस ब्लेंडिंग की बड़ी योजना लाई गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अब सीनजी में कंप्रेस्ड बायो-गैस यानि सीबीजी की ब्लेंडिंग की घोषणा की है।**

भारत मुश्किलों से निकलना जानता है। यह बात वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-2027 के बजट भाषण में सिद्ध करने की सफल कोशिश की। इस समय जो वैश्विक स्थिति है, उसके नकारात्मक असर से खुद बचाए रखने के साथ आगे बढ़ने का रास्ता बनाने की बड़ी चुनौती भारत के सामने थी। बजट में मोदी सरकार ने यह प्रयास किया है कि दोनों मोर्चों पर भारत को अपनी स्थिति मजबूत करने की नीतियाँ बन जाए। इसलिए इस बजट को आत्मनिर्भर भारत का बजट कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वित्तमंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत ही इससे की कि विशेष संसाधनों की उपलब्धता इस समय काफी मुश्किल है। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध का जारी रहना, अमेरिका द्वारा दुनिया के एनर्जी संसाधनों को अपने कब्जे में रखने के लिए साम्राज्यवादी तरीकों को अपनाना और चीन द्वारा रेयर अर्थ के नाम पर दुनिया को ब्लैकमेल करना सामान्य घटनाएं नहीं हैं। उस पर भारत के खिलाफ अमेरिका का हाई टैरिफ़ भी मुसीबत के समान है। जाहिर है भारत एक साथ कई मोर्चों पर जूझ रहा है। अब बजट में इन चुनौतियों से लड़ने का क्या अस्त्र मौजूद है, उस पर निगाह डालते हैं। भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता पेट्रोलियम पदार्थों के आयात को न्यूनतम करने की थी। क्योंकि अमेरिका भारत पर दवाब ही पेट्रोलियम खरीद को लेकर डाल रहा था। ट्रम्प प्रशासन भारत को किसी भी कीमत पर रूस से सस्ते तेल खरीदने से रोकना चाहता है। 50 प्रतिशत की टैरिफ़ भी इसी के नाम पर लगाया। अब बेनेजुअला से तेल खरीदने का दवाब आ रहा है, जाहिर है भारत को वह रियायत नहीं मिलेगी, जो रूस दे रहा था। ऐसे में भारत के पास यही रास्ता बचता है कि पेट्रोलियम आयात की निर्भरता जितनी कम हो सके किया जाए। इसी को ध्यान में रखकर केंद्रीय बजट 2026-27 में पेट्रोल-एथेनॉल के बाद सीनजी में बायो-गैस ब्लेंडिंग की बड़ी योजना लाई गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अब सीनजी में कंप्रेस्ड बायो-गैस यानि सीबीजी की ब्लेंडिंग की घोषणा की है। साथ में घरेलू बायो-एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा देने का भी ऐलान किया है। अब कृषि-अपशिष्ट का इस्तेमाल भी बढ़ेगा और गैस एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का आयात भी कम होगा। हमारे देश में सबसे ज्यादा पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग ट्रांसपोर्ट के लिए होता है और अब जमाना ई एनर्जी का आ रहा है। इस बजट में सरकार ने पेट्रोलियम पर निर्भरता और कम करने के लिए ई-व्हीकल इकोसिस्टम में बड़े विस्तार की घोषणा की है। केंद्र सरकार मैन्युफैक्चरिंग और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करने वाले कई प्रावधानों की घोषणा की है। बजट में अब पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के लिए भी ज्यादा से ज्यादा ई-बसों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। बजट में ई बैटरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए 35 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स और मोबाइल फोन बैटरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स को छूट वाली कैपिटल गुड्स की लिस्ट में जोड़ दिया गया है। इससे मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों दोनों के लिए लिथियम-आयन बैटरी के घरेलू निर्माण को बढ़ावा मिलना शुरू हो जाएगा। इसके अलावा कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी के स्क्रैप, लेड, जिंक और 12 अन्य महत्वपूर्ण खनिजों पर से बेसिक कस्टम ड्यूटी को हटाने का भी ऐलान किया गया है। जाहिर है भारत में मैन्युफैक्चरिंग में इससे मदद मिलेगी और रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे। टेक्नॉलजी क्षेत्र में भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती रेयर अर्थ और मैग्नेटिक धातुओं की उपलब्धता को लेकर है। भारत के पास रेयर अर्थ का पर्याप्त भंडार होने के बावजूद इसका उत्पादन बहुत कम है। इस कारण आपूर्ति लगभग नगण्य है। चीन इस मामले में काफी आगे है और वह इस समय दुनिया को ब्लैकमेल कर रहा है। चीन लगभग 270,000 टन का इस समय उत्पादन कर रहा है। इस कारण उसका प्रभुत्व स्थापित हो चुका है। अब चूंकि भारत का उत्पादन वैश्विक उत्पादन के 1 प्रतिशत से भी कम है इसलिए औद्योगिक क्षेत्र में कई कमजोरियाँ सामने आ रही हैं। वित्तमंत्री ने बजट में इसकी कमी दूर करने के लिए बड़े कदम की घोषणा की है। दुर्लभ खनिजों के लिए चीन पर निर्भरता कम करने के लिए चार राज्यों- तमिलनाडु, केरल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में रेयर खनिजों के लिए डेडिकेटेड कॉरिडोर स्थापित करने का ऐलान किया गया है। यदि पर्याप्त मात्रा में रेयर अर्थ का उत्पादन शुरू हो जाता है तो भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और यहाँ तक कि फाइटर जेट के उत्पादन में भी आगे हो जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए युद्ध ने भारत के लिए रक्षा उत्पादन में भी आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया। हम युद्ध अपनी तकनीक और अपने अस्त्र से ज्यादा कारगर तरीके से लड़ सकते हैं। इस बजट में मोदी सरकार ने इस पर बहुत जोर दिया है। 2026-27 का रक्षा बजट पहली बार जीडीपी के 2 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले रक्षा बजट में 15.19 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। बढ़ा हुआ यह आवंटन न केवल नए तकनीक वाले शस्त्रों के निर्माण को बढ़ावा देगा बल्कि आर्म्ड फोर्स के आधुनिकीकरण में भी तेज़ी आएगी। किसी भी आपात स्थिति के लिए देश में ही हथियारों और गोला-बारूदों की आपूर्ति होगी। लगभग 2.19 लाख करोड़ के रक्षा बजट में 1.85 लाख करोड़ तो पूंजीगत अधिग्रहण के लिए रखा गया है। यानि हमारी सभी रक्षा जरूरतों के लिए भरपूर संसाधन उपलब्ध रहेगा। आने वाले समय में हम देखेंगे कि देश में अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान भी आएंगे, नई उन्नत किस्म की पनडुब्बियां भी होंगी, घातक ड्रोन का उत्पादन भी हमारे यहाँ शुरू हो जाएगा और स्मार्ट हथियार भी यहीं बनेंगे। भारत दुनिया का रक्षा उत्पादन हब बन सकता है। **-विक्रम उपाध्याय**




# पंजाब भाजपा : गुटबाज़ी में उलझी सियासत की नई राह

## सुभाष आनंद

**पंजाब भाजपा में गुटबाजी के कई कारण हैं। एक प्रमुख कारण बाहरी नेताओं का पार्टी में शामिल होना भी है। इससे पुराने भाजपा नेताओं में बेचैनी बढ़ गई है, क्योंकि पार्टी नए लोगों को प्राथमिकता दे रही है और पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।**

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी हुई है। पार्टी के नेताओं द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। भाजपा पंजाब में कई गुटों में बंटी हुई है, जिससे पार्टी की स्थिति कमजोर होती जा रही है। यहां सबसे बड़ा और शक्तिशाली गुट अश्विनी शर्मा का माना जा रहा है, जो प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हैं। दूसरा गुट सुनील जाखड़ का है, जो केंद्रीय स्तर पर प्रभावशाली है और आम आदमी पार्टी की आलोचना करने में सक्रिय है। तीसरा गुट संघ का है, जिसका अपना प्रभाव और अपनी अलग राजनीति है। पंजाब भाजपा में गुटबाजी के कई कारण हैं। एक प्रमुख कारण बाहरी नेताओं का पार्टी में शामिल होना भी है। इससे पुराने भाजपा नेताओं में बेचैनी बढ़ गई है, क्योंकि पार्टी नए लोगों को प्राथमिकता दे रही है और पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। पुराने नेता इस बात से चिंतित हैं कि कहीं उनकी टिकट काटकर बाहरी लोगों को न दे दी जाए। इसके अलावा, जिला स्तर पर भी पार्टी कई गुटों में बंटी हुई है, जिससे पार्टी का आधार कमजोर हो रहा है। पंजाब में अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन की संभावना पर भी चर्चा हो रही है। कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ जैसे नेता कह रहे हैं कि भाजपा को सत्ता में आने के लिए क्षेत्रीय पार्टी (अकाली दल) से समझौता करना होगा। हालांकि, अकाली दल इस बात पर राजी नहीं है कि भाजपा बड़े भाई की भूमिका निभाए। पंथक वोट फिर से अकाली दल की ओर जा रहे हैं, जिससे भाजपा के लिए यह गठबंधन मुश्किल हो सकता है। पंजाब में भाजपा को कई चुनावी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उपचुनावों में हार के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि गांवों में भी भाजपा का आधार खिसक रहा है। नए शामिल हुए नेताओं की छवि भी अच्छी नहीं है, जिससे लोगों में भाजपा के प्रति आदर्शों की कमी महसूस की जा रही है। कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं की स्थिति भी विचित्र है, क्योंकि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता उन्हें पसंद नहीं कर रहे हैं और चुनावों में विरोध का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा है कि पार्टी 2027 के चुनावों में अकेले अपने बल पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा की राजनीति कोठियों में नहीं चलती, बल्कि लोगों से संपर्क बनाने के लिए फील्ड में आना पड़ता है। भाजपा चुनाव पूर्व अंतिम समय में माहौल बनाने में माहिर है, लेकिन कार्यकर्ताओं और नेताओं की नाराजगी को दूर करना एक बड़ी चुनौती है। पंजाब में भाजपा 2027 के चुनावों से पहले कई चुनौतियों का सामना कर रही है। गुटबाजी, बाहरी नेताओं का प्रवेश, और अकाली दल से गठबंधन की अनिश्चितता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। यदि भाजपा हाईकमान समय पर कार्रवाई नहीं करता, तो पार्टी की स्थिति कांग्रेस से भी बदतर हो सकती है। पार्टी को अपने पुराने कार्यकर्ताओं को विश्वास में लेना होगा और नए नेताओं के साथ संतुलन बनाना होगा। साथ ही, अकाली दल के साथ गठबंधन पर विचार करना होगा, ताकि 2027 के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। पंजाब की राजनीति में भाजपा को अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करना होगा।

## सेहत मंत्र

### बेहद लाभकारी होते हैं सब्जी व फल के छिलके

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि सब्जियां व फल सेहत के लिए बेहद लाभदायक होते हैं, लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग फलों व सब्जियों का सेवन तो करते हैं, परंतु उसके छिलके को बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। पर क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि यही बेकार समझे जाने वाले कई तरह की स्वास्थ्य समस्या को बेहद आसानी से ठीक करते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में? आंखों की थकान करे दूरः सारा दिन स्क्रीन पर आंखें गड़ाकर रखने से आंखों में थकान का अनुभव होता है। इस थकान को दूर करने में आलू के छिलके काफी मददगार होते हैं। दरअसल, आंखों में मौजूद एंजाइम्स व विटामिन-सी सूजी व थकी हुई आंखों को आराम दिलाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए पहले आप आलू के छिलके को पन्द्रह?बीस मिनट के लिए फ्रिज में रखें और जब यह ठंडे हो जाएं तो इन्हें अपनी आंखों के ऊपर रखें। इससे आपकी आंखों को काफी हद तक आराम मिलेगा। चमकाएं दांत- दांतों का पीलापन देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। लेकिन अगर आप प्राकृतिक तरीके से दांतों को चमकाना चाहते हैं तो फल व सब्जी के छिलकों की मदद लीजिए। इसके लिए आप केले या संतरे के छिलके को दांतों पर रगड़ें। इस छिलकों में मैग्नीशियम, मैग्नीज व पोटेशियम पाया जाता है जो दांतों को सफ़ेद करने में मदद करता है। भगाएं कीट व मच्छर- अक्सर घरों में छोटे-छोटे जीव व मच्छर आदि होते हैं जो कई तरह की बीमारी का कारण बनते हैं। इन्हें घर से भगाने के लिए आपको केमिकलयुक्त प्रॉडक्ट इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है। इस काम में फलों के छिलके भी आपकी मदद कर सकते हैं। संतरे व नींबू के छिलके की महक हर तरह के कीट व मच्छरों को दूर रखने में मददगार होती है। बस आप इन्हें अपने घर की खिड़की व दरवाजों पर रखें और मच्छरों को दूर भगाएं। खांसी या गला नहीं होगा खराब- अगर किसी को खांसी है या फिर उसका गला खराब है तो उसे अनार के छिलकों का सेवन करना चाहिए। इसमें विटामिन-सी व एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए पहले आप अनार के छिलकों को पीसकर उसे एक कप गर्म पानी में डालकर उस पानी की मदद से गरारे करें।

## धर्म मंत्र

### सोमवार को शिव जी की पूजा से होता है सर्वोत्म लाभ

सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी ईश्वर की पूजा, भक्ति और व्रत के लिए होता हैं पर सोमवार का दिन हिन्दू धर्म परमपराओं के अनुसार भगवान शिव को समर्पित होता है। हर दिन नियत है किसी ना किसी की पूजा के लिए- भारतीय मान्यताओं के अनुसार सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी ईश्वर की पूजा, भक्ति और व्रत के लिए नियत होते हैं। इस क्रम में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। वैसे तो माना जाता है कि शिवजी की भक्ति हर पल ही शुभ होती है। सच्चे मन से उनकी पूजा की जाए तो वे अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते है। इसके बावजूद सोमवार को शिव की पूजा करना सबसे लाभदायक होता है? आइए जाने इस दिन की पूजा से जुड़ी खास बातें। शिव के साथ चंद्रमा भी हैं पूजनीय- सोमवार के दिन रखा जाने वाला व्रत सोमेश्वर व्रत के नाम से जाना जाता है। इसके अपने धार्मिक महत्व होते हैं। इसी दिन चन्द्रमा की पूजा भी की जाती है। हमारे धर्मग्रंथों में सोमेश्वर शब्द के दो अर्थ होते हैं। पहला अर्थ है ऽ सोम यानी चन्द्रमा। चन्द्रमा को ईश्वर मानकर उनकी पूजा और व्रत करना। सोमेश्वर शब्द का दूसरा अर्थ है- वह देव, जिसे सोमदेव ने भी अपना भगवान माना है। उस भगवान की सेवा-उपासना करना, और वह देवता हैं, भगवान शिव। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस व्रत और पूजा से ही सोमदेव ने भगवान शिव की आराधना की। जिससे सोमदेव निरोगी होकर फिर से अपने सौंदर्य को पाया। भगवान शंकर ने भी प्रसन्न होकर दूज यानी द्वितीया तिथि के चन्द्रमा को अपनी जटाओं में मुकुट की तरह धारण किया।

## पर्यटन



### महात्मा गांधी की तमाम यादों को संजोये हुए है गुजरात का अहमदाबाद

गुजरात का अहमदाबाद कर्णावती शहर के नाम से भी मशहूर है क्योंकि इस शहर को राजा कर्णदेव प्रथम ने बसाया था। सोलंकी वंश जैसे-जैसे खत्म हुआ समय बढ़ता गया और सुल्तान अहमद शाह ने कर्णावती पर हमला कर दिया और इसे अपने कब्जे में ले लिया और तब अहमद शाह ने इस शहर का नाम बदलकर अहमदाबाद रख दिया। अहमदाबाद शहर के ऐतिहासिक महत्त्व के साथ-साथ इस शहर का भारत को स्वतंत्रता दिलाने में भी योगदान रहा है क्योंकि 'बापू' महात्मा गांधी का अहमदाबाद से विशेष जुड़ाव रहा है। कह सकते हैं कि बापू का ज्यादा समय अहमदाबाद में ही कटता था। यहां देश भर से सैलानी बड़ी संख्या में आते हैं और गुजरात देश का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल इसलिए भी है क्योंकि यहां की वास्तुकला में इस्लामी और हिंदू शैली का अनूठा मेल है। अहमदाबाद के कुछ लोकप्रिय पर्यटन स्थल इस प्रकार हैं- साबरमती आश्रमः साबरमती आश्रम को देखने के लिए हर दिन सैंकड़ों लोग आते हैं। साबरमती आश्रम में रखा गांधीजी का चरखा और गांधी सिद्धांतों पर विनोबाजी द्वारा बनाया गया जीवन-चक्र पट। साबरमती आश्रम से लगभग 6 किलोमीटर दूर बहती साबरमती नदी। दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला आश्रम 25 मई, 1915 को अहमदाबाद के कोचराब क्षेत्र में स्थापित किया था। यह आश्रम 17 जून, 1917 को साबरमती नदी के किनारे स्थानांतरित किया गया। साबरमती नदी के तट पर स्थित होने के कारण इस आश्रम को 'साबरमती आश्रम' नाम दिया गया। टेक्सटाइल का केलिको संग्रहालयः कैलिको म्यूजियम ऑफ़ टेक्सटाइल संग्रहालय प्राचीन और आधुनिक भारतीय वस्त्रों का तालमेल कराता बेहतरीन संग्रहालय है। ये संग्रहालय पूरी दुनिया में मशहूर है। यहाँ के सभी वस्त्र हस्तनिर्मित और 500 वर्ष पुराने हैं। यहाँ पर आपको शाही वस्त्र, उत्कृष्ट साड़ियां, आदिवासी परिधान, पटोला और मशरु वौव्स और बांधणी टाई डाई के उल्लेखनीय उदाहरण देखने को मिलते हैं।

# रेठ नदी में प्रदूषण, किसानों में आक्रोश, डीएम को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में जनहित की बड़ी समस्या रेठ नदी में अमरून फैक्ट्री का गंदा व जहरीला पानी आने के विरोध में जिलाधिकारी को मांग पत्र दिया गया

श्री सैनी ने बताया कि 4 माह से रेठ नदी में अमरून फैक्ट्री व अन्य केमिकल फैक्ट्री से गंदा पानी नदी में आ रहा है जिसे जनजीवन अस्त व्यस्त है और पानी में बदबू और गंध बहुत आती है नदी के पास में जाया नहीं जाता है जानवर जीव जंतु पानी पीने के लिए भी नदी के पास नहीं जाते हैं मछलियां भी सब मर गई है गंदे पानी की वजह से और क्षेत्र में बीमारियां भी फैल रही हैं घतक कई बार एसडीम फतेहपुर को अवगत कराया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है और प्रशासन भी गंभीर नहीं है और बताया कि ऐसे जहरीले पानी छोड़ने वाली फैक्ट्री के खिलाफ गाड़ी कार्रवाई की जाए अगर एक सप्ताह के अंदर रेठ नदी में गंदा पानी आने से रोक नहीं गया तो भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जल सत्याग्रह करेगा नदी में चिलहटा घाट के पास जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी जिला अधिकारी से मिलने वालों मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विक्रांत सैनी, लालजी यादव,विनोद वर्मा, अरविंद यादव,मोनू रस्तोगी,नरेंद्र यादव, मनोज कुमार,राजू खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# वेटलैंड दिवस, पर्यावरणीय महत्व पर चर्चा छात्र-छात्राएं मुदित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर/ देवा शरीफ बाराबंकी। देवां रेंज द्वारा सलारपुर झील पर अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस के अवसर पर नेचर एवं बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन किया गया।इस अवसर पर खजुहा, सलारपुर, मुनिया पुरवा, ताजपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों तथा सलारपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने झील पर विभिन्न पक्षियों को नजदीक से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की।

क्षेत्रीय वन अधिकारी मयंक सिंह ने सारस, बगुला, टिटिहरी सहित अन्य पक्षियों की जानकारी देते हुए उनके पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सचिन गुप्ता के मताबिक वन विभाग रामनगर रेंज द्वारा उदवत नगर झील पर नेचर एवं बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों (वेटलैंड) के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।इस अवसर पर अकोराह, उदवत नगर, शेखवापुर, फुठाहागंज सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों और बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने झील पर दूर-दराज के देशों से आए प्रवासी पक्षियों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज यादव ने बच्चों को झील में मौजूद विभिन्न पक्षियों जैसे घोघिल, बेखुल, सीपर, तालबुढ़की, टिटिहरी और बाइबल बगुला के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि ये पक्षी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और झील तथा वेटलैंड के स्वास्थ्य के सूचक होते हैं। इनके संरक्षण से जैव विविधता को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।वन अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी से उपस्थित बच्चे और ग्रामीण उत्साहित हुए तथा प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक हुए। वन विभाग ने इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया कि वेटलैंड और उनमें निवास करने वाले पक्षियों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में रामनगर रेंज के वन दरोगा सचिन पटेल, वन रक्षक रमन तिवारी, मुन्ना यादव, माली धुरु, रघुनाथ, मंशाराम सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव प्रसाद सिंह और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## साहित्य पुरस्कार से सम्मानित हुए इद्रजीत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर क्षेत्र के एआरपी इंद्रजीत सिंह को युवा रचनाकार मंच के 46 वें स्थापना दिवस पर हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लखनऊ स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हिंदी संस्थान द्वारा हिंदी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।निराला सभागार में यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा व साहित्य के प्रचार प्रसार में निरंतर किए जा रहे उनके कार्यों के लिए प्रदान किया गया।पुरस्कार प्राप्त होने पर क्षेत्र के शिक्षकों साहित्यकारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संजय सेतु जर्जर, दो माह ठप हो सकता आवागमन

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर घाघरा नदी का 41 वर्ष पुराना संजय सेतु जर्जर स्थिति के कारण एक बार फिर सुर्खियों में है।बेयरिंग बेस्ड पुल के जॉइंटर खराब होने से हर 15 दिन में यातायात बाधित हो रहा है जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।पुल की स्थायी मरम्मत के लिए एनएचएआई ने दो माह तक पुल आवागमन बंद करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। लेकिन रूट डायवर्जन और वैकल्पिक व्यवस्था स्पष्ट न होने से निर्णय लंबित है।वहीं जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने शासन को बताया कि यह मामला कई जिलों और नेपाल से जुड़े यातायात से संबंधित है इसलिए जिला स्तर पर निर्णय संभव नहीं है।प्रस्तावित रूट डायवर्जन लागू होने पर यात्रियों को 50 से 100 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।जिससे अयोध्या सीतापुर और चहलारी घाट मार्गों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ेगा।इधर ए.एम. बिल्डर्स द्वारा मरम्मत सामग्री व मशीनें पहुंचा दी गई हैं और पुल की तकनीकी जांच शुरू हो चुकी है।फर्म के अनुसार सरकारी अनुमति मिलते ही कार्य शुरू कर दो माह में पूरा किया जाएगा।वहीं क्षेत्रीय लोगों ने मरम्मत अवधि में छोटे वाहनों के लिए पीपे का पुल बनाने की मांग की है।

## चीनी भरा ट्रक पलटा,टला बड़ा हादसा

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर चीनी लेकर जा रह ट्रक सैंदर गांव के पास सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगडा और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को की जानकारी दी। सूचना पर घुंघटेर थाना प्रभारी बेचू यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को बाहर निकाला और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, डेढ़ लाख का नुकसान

**बेलहरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहरा नगर पंचायत के मोहल्ला सौरंगा निवासी संजय वर्मा के घर के पिछले कमरे में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कमरे में रखे तमाम सामान को अपनी चपेट में ले लिया। धुआं उठा देख सूचना संजय को दी गई,मौके पर पहुंचे घर मालिक ने दरवाजा खोला तो अंदर आग की लिपटें उठ रही थी। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित संजय के अनुसार घर में रखे करीब पच्चीस हजार रुपए नकदी,अनाज, पकड़ा, बर्तन,फ्रिज और जरूरी कागजात जलकर पूरी तरह से राख हो गए। इस अग्निकांड में करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है।

## पुराने विवाद में हिंसक सघर्ष

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड्डुपुर थाना क्षेत्र के गौरभारी गांव में पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव की लक्ष्मी देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के एक दंपति ने उनकी बेटी के साथ मारपीट और गाली-गलौज की।लक्ष्मी देवी का आरोप है कि जब उनके पति घर पर नहीं थे। इसी दौरान गांव के रामू पुत्र नागेश्वर और उसकी पत्नी उनके घर पहुंचे और उनकी पुत्री सरोजनी के साथ गाली-गलौज करने लगे।दोनों ने सरोजनी को भद्दी गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की।पीड़िता के मुताबिक, मारपीट के दौरानआरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और झूठे आरोपों में फंसाने की बात कही। लक्ष्मी ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष की जांच करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज सोनकर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ जख्मी, गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा बेलहरा निवासी 55 वर्षीय रफीक पुत्र नन्हें को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।रफीक किसी काम से चौराहे के पास मौजूद थे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौजूद लोगों ने घायल रफीक को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल सत्रों के अनुसार, उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी स्थिति नाज़ुक है।

## दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा रामनगर में मंगलवार को दो घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक कस्बा क्षेत्र में डीटी मीटर इंस्टॉलेशन एवं चार्जिंग का कार्य किया जाएगा।इस दौरान विभागीयटीम द्वारा आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाने के कारण पूरे कस्बे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बिजली कटौती के दौरान उपभोक्ता आवश्यक व्यवस्था पूर्व में कर लें।

# प्राण प्रतिष्ठा साकेंद्र ने किया स्थापना स्थल का जायजा

## 12 फरवरी से आयोजन का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर स्थित मूर्ति स्वामी मंदिर परिसर में नर्मदेश्वर महादेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजन को लेकर कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन से जुड़ी तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भौतिक परीक्षण कया। श्री वर्मा ने आयोजन समिति को निर्देश दिए कि सात दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को सुचारु रखा जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी बल मिलता है। निरीक्षण के समय मनोज सिंह, डॉ. रामकुमार गिरि, योगेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत नौ फरवरी को कलश यात्रा एवं वैदिक अनुष्ठानों से होगी। इसके बाद क्रमशः 10 फरवरी को जलाधिवास, 11 फरवरी को अन्नाधिवास व हवन, 12 फरवरी को पुष्पाधिवास व महाभिषेक, 13 फरवरी को फलाधिवास व शर्कराधिवास, 14 फरवरी को नगर दर्शन व शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। अंतिम दिन 15 फरवरी को प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल, मृत घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में थाना असंद्रा अंतर्गत मवई असंद्रा नहर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से घायल को जरिए एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेही घाट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधेड़ कल्लू पुत्र प्रथ्वी पाल निवासी मल्लू पुर मजरे सूपामऊ थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी घरेलू कार्य से मस्तान आश्रम चौराहे जा रहे थे, तभी गांव के पास मल्लू पुर नहर पुलिया के पास सड़क पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस और स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक ओमित कौशल दीवान अशोक वर्मा संजय कुमार व पीआरवी पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी रामसनेही घाट भिजवाया।जहा पर डाक्टरों ने घायल कल्लू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके। समाचार लिखे जाने तक शव को पीएम हेतु भेजने की प्रक्रिया जारी रही।

# महादेवा फागुनी मेला, एसडीएम का निरीक्षण



रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। फाल्गुन मास के प्रथम दिन सोमवार से लोधेश्वर महादेवा धाम में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।महाशिवरात्रि तक बाराबंकी गोंडा लखनऊ कानपुर सहित विभिन्न जनपदों से कांवड़िए पदयात्रा कर जलाभिषेक करेंगे।आगामी फाल्गुनी मेला के मद्देनजर सोमवार शाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा स्वच्छता प्रकाश पेयजल व यातायात व्यवस्था को बेहतर रखने तथा पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

# आजीविका मिशन महिलाओं को रोजगार अवसर

फोटो 1915




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के तहत प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने किया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने कैंटीन की संचालक आरती गुप्ता से संवाद किया और समूह की स्थिति के बारे में जानकारी ली।उन्होंने खाने की सामग्री में शुद्धता, गुणवत्ता और साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने संचालक को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ब्यूटी पार्लर जैसे रोजगार महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हैं और वे इन्हें अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने शेष महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने की बात कही।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मनोज मिश्रा, सचिव राजेश कुमार, मनीष शुक्ला, सतीश कुमार और कुलदीप वर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अभय कुमार की जमानत याचिका खारिज, रिमांड बढ़ी

## इंजीनियर युवराज मेहता मौत मामला

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र इंजीनियर युवराज मेहता की मौत से जुड़े मामले में गिरफ्तार एमजेड विजटाउन बिल्डर के निदेशक अभय कुमार की रिमांड बढ़ाने और जमानत याचिका पर सोमवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बिल्डर की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को निर्धारित की गई है।


अभियुक्त अभय कुमार की ओर से भारतीय न्याय संहिता के तहत जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अभियुक्त निर्दोष है, उसने कोई अपराध नहीं किया और उसे झूठा फंसाया गया है, इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

वहीं, पीड़ित पक्ष के तरफ से अधिकारी ने जमानत का विरोध करते हुए मामले को गंभीर बताया। अदालत ने अभियुक्त के अधिवक्ता तथा अभियोजन अधिकारी की दलीलें सुनकर प्रकरण का अवलोकन किया। मृतक इंजीनियर पक्ष द्वारा दी गई दलीलों में बताया की कंपनी की लापरवाही के चलते कंपनी के अंतर्गत आने वाले स्थल पर स्थित 70 फीट गहरे पानी से भरे प्लॉट में युवराज की कार गिर गई, जिससे कार में सवार इंजीनियर युवराज की मृत्यु हो गई। अदालत ने मामले को सत्र परीक्षणीय, गैरजमानती और गंभीर प्रकृति का मानते हुए कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों में जमानत के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं।

इसी आधार पर अदालत ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया और आदेश की प्रति अभियुक्त को निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# क्रिकेट में हार के डर से पीछे हटा पाकिस्तान : देवकीनंदन महाराज

एजेंसी



मथुरा। पाकिस्तान द्वारा टी -20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत के साथ मैच नहीं खेलने के फैसले को देवकीनंदन महाराज ने सही बताते हुये इसे पाकिस्तान का डर करार दिया है । देवकीनंदन महाराज ने कहा कि पाकिस्तान सरकार को भी पता है कि वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के सामने उसकी क्रिकेट टीम का जीतना मुष्किल है । पाकिस्तान को हारना ही पड़ता, इस डर और शर्म से बचने के लिये अच्छा किया कि वह नहीं खेल रहा है ।


सोमवार को कोलकाता से कथा कहकर वृन्दावन लौटे देवकीनंदन महाराज ने कहा कि पाकिस्तान खुद को बांग्लादेश का हितैषी दिखाना चाहता है, जबकि वो किसी का हितैषी हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारी भारतीय टीम क्रिकेट खेल रही है, उस हिसाब से लगता है कि मैच तो कोलम्बों में होता लेकिन पाकिस्तानी टीम को 'कैच' लाहोर में पकड़ने पड़ते । कहा कि भारत जहाँ भी खेलेगा, जिसके साथ भी खेलेगा, अच्छा प्रदर्शन करेगा । हम अपने भारत के साथ हैं, भारत के शत्रुओं के साथ न थे, न रहेंगे । पाकिस्तान खेले तो, न खेले तो, भारतीय क्रिकेट पर कोई असर नहीं पड़ेगा ।

देवकीनंदन महाराज ने प्रियाकान्तजु मंदिर पर कहा कि क्रिकेट हो या युद्धक्षेत्र, हर बार पाकिस्तान की करारी हार ही होती है । इस बार क्रिकेट में उसने समझदारी से काम लिया है । पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को पता है कि टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से जीतना नहीं हो पायेगा ।

## भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर पाकिस्तान को चेतावनी देकर आईसीसी ने सही किया : शुक्ला

एजेंसी

नयी दिल्ली। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम की पाकिस्तान को चेतावनी देकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सही किया।



पाकिस्तान के फैसले की जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान के मार्फत मिली जिसे टूर्नामेंट से बांग्लादेश को बाहर किये जाने के राजनीतिक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी ने सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने से इनकार किया था। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेता दिया है कि इस मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और यह फैसला खेल के हित में नहीं है। शुक्ला ने पत्रकारों से कहा कि आईसीसी ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम आईसीसी से सहमत हैं। जब तक आईसीसी से बात नहीं हो जाती, बीसीसीआई कोई बयान नहीं देगा। विवाद की शुरूआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर करने के फैसले के बाद हुई। इसके बाद बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत आने से इनकार कर दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा ,'' यह शर्मनाक है कि दोनों तरफ खेल का राजनीतिकरण हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि मुस्ताफिजुर का कोलकाता में खेलने का करार रद्द किया जाना चाहिये था। यह राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण दखल है। थरूर ने कहा ,'' मुझे लगता है कि बांग्लादेश की प्रतिक्रिया अतिरंजित थी, लेकिन यह उसी बात का नतीजा भी है और पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपनी एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है। यह पूरी बात नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। उन्होंने कहा ,'' मेरा मानना है कि सभी संबंधित पक्षों को तुरंत एक दूसरे से संपर्क करना चाहिये जिसके लिये आईसीसी मंच हो सकता है। इस बकवास को यहीं खत्म करें। हमेशा ऐसा नहीं चल सकता। भारत और पाकिस्तान का मैच नहीं होने पर मेजबान प्रसारक को 200 से 250 करोड़ रूपये का नुकसान हो सकता है चूंकि इसके बीच 10 सेकंड के विज्ञापन की दर 40 लाख रूपये तक है। वॉकओवर मिलने पर भारत को पूरे अंक मिलेंगे जबकि आईसीसी पीसीबी पर वित्तीय दंड लगा सकता है। वॉकओवर के लिये विरोधी टीम को टॉस के समय मैदान पर मौजूद होना जरूरी है। इसलिये भारतीय टीम श्रीलंका जायेगी और टॉस के समय सूर्यकुमार यादव मौजूद होंगे। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा के नहीं आने पर मैच रैफरी भारत को वॉकओवर और दो अंक देंगे।

## टी20 विश्व कप अभ्यास मैचों के लिए इंडिया-ए टीम घोषित, आयुष बडोनी कप्तान

### तिलक वर्मा की वापसी

एजेंसी

नई दिल्ली। आगामी टी20 विश्व कप से पहले होने वाले अभ्यास मुकाबलों के लिए इंडिया-ए टीम की घोषणा कर दी गई है। आयुष बडोनी को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि तिलक वर्मा चोट से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं।

इंडिया-ए टीम पहला अभ्यास मैच सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम शुक्रवार को बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नामीबिया से भिड़ेगी। पेट से जुड़ी समस्या के कारण सर्जरी कराने वाले तिलक वर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खेलने की अनुमति दे दी है। वह अमेरिका के खिलाफ अभ्यास मैच में खेलेंगे और उसके बाद सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे। 15 सदस्यीय इंडिया-ए टीम में कई आईपीएल खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें नमन धीर, विप्रज निगम और मयंक यादव प्रमुख हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ समाप्त टी20 सीरीज से बाहर रहे वॉशिंगटन सुंदर को एक बार फिर टीम में जगह नहीं मिली है। वह अभी चोट से उबर रहे हैं और जल्द ही फिटनेस टेस्ट से गुजरने की उम्मीद है। इस बीच, रियान पराग कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।



इंडिया-ए टीम (अभ्यास मैच): आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियंश आर्य, एन. ज ग दी श न (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विप्रज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।

## अनाहत ने वॉशिंगटन में पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।

## टी20 विश्व कप के शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे हेज़लवुड: चयनकर्ता डोडेमाइड

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने बताया कि हेज़लवुड फिलहाल सिडनी में रहकर चोट से उबरने के बाद अपने रिटर्न-टू-प्ले कार्यक्रम को जारी रखेंगे। हालांकि, नाथन एलिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। डोडेमाइड के अनुसार, ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान से आने वाली टीम के साथ शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने चार शुरुआती मुकाबले कोलंबो और पल्लेकेले में खेलेगा, जिसकी शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है। डोडेमाइड ने कहा कि हेज़लवुड शुरुआती चरण के दौरान सिडनी में ही रहेंगे ताकि वे परिचित माहौल में अपनी फिटनेस पर काम कर सकें। उन्होंने बताया कि सीन एबॉट को ट्रैवलिंग रिज़र्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। डोडेमाइड ने कहा, नाथन, टिम और ग्लेन कोलंबो पहुंच चुके हैं और पाकिस्तान से हमारी टीम के पहुंचने पर हम उनसे जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं। जोश के मामले में हमें लगा कि उनके लिए घर पर रहकर रिहैबिलिटेशन जारी रखना ज्यादा व्यावहारिक और फायदेमंद रहेगा। गौरतलब है कि हेज़लवुड को लगातार अकिलीज़ चोट के कारण 2025ऽ26 एशेज सीरीज़ से भी बाहर होना पड़ा था। यह चोट पहले लगी हैमस्ट्रिंग इंजरी से उबरने के दौरान सामने आई थी। चयनकर्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि हेज़लवुड टूर्नामेंट में कब उपलब्ध होंगे। ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप में ओमान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे भी शामिल हैं और उसके शुरुआती मुकाबले 20 फरवरी तक समाप्त हो जाएंगे। इससे पहले, अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस को भी पीठ की चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह बेन ड्वारशुइस को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। डोडेमाइड ने बताया कि एबॉट को एलिस के बैकअप के रूप में टीम के साथ रखा गया है। उन्होंने कहा, नाथन भी वापसी की प्रक्रिया में हैं, ऐसे में हमने सीन को तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर साथ रखने का फैसला किया। सीन अनुभवी और बहुमुखी खिलाड़ी हैं और कई विश्व कप अभियानों का अनुभव रखते हैं।



## इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 जीतकर श्रृंखला अपने नाम की

पाल्लेकल। टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाये जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाये। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े। इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाये। पवन रत्नायके ने 22 गेंद में 40 रन की पारी खेली। शुक्रवार को वर्षाबाधित पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी20 मंगलवार को यहीं खेला जायेगा।

## सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,570 रुपये से लेकर 1,60,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,47,190 रुपये से लेकर 1,47,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,60,720 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,60,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,47,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,47,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,47,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,60,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों- बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में जनवरी में मामूली सुधार हुआ: पीएमआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारतीय विनिर्माण कंपनियों में जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि 'फैक्ट्री-गेट' कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफ़े पर हल्का दबाव पड़ा। 'फैक्ट्री-गेट' कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिर्माता के कारखाने या गोदाम से निकलता है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को मुख्य रूप से घरेलू बाजार से गति मिली। हालांकि, निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई लेकिन उसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से अधिक मांग का हवाला दिया। रोजगार के मोर्चे पर, वस्तु उत्पादक कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति जारी रखी। हालांकि, रोजगार सृजन की गति 'मामूली' रही जो पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही।

## केंद्रीय बजट एमएसएमई और स्वदेशी पर आधारित वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप : खंडेलवाल




नई दिल्ली। चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय बजट को उच्च आकांक्षाओं और दूरदर्शी सोच वाला दस्तावेज बताया है। उन्होंने केंद्रीय बजट को एमएसएमई और स्वदेशी पर आधारित वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट देश के घरेलू संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से भारत को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने के संकल्प को मजबूत करता है। खंडेलवाल ने सोमवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बजट के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने केंद्रीय बजट को विकसित भारत अ2047 के लिए एक साहसिक, विकासोन्मुख और व्यापार-अनुकूल रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट स्वदेशी और वैश्विक बाजारों के बीच यह तालमेल भारतीय उत्पादों को नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा के साथ पहुंचने में मदद करेगा। कैट महामंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सरकार की यह मंशा साफ झलकती है कि वह एमएसएमई को देश की दीर्घकालिक विकास और निर्यात योजनाओं से जोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना तीन मजबूत आधारों–इक्विटी सहयोग, बेहतर तरलता और पेशेवर मार्गदर्शन पर आधारित है, जो एमएसएमई को आगे बढ़ने में पूरी मदद करेगी। खंडेलवाल ने बताया कि इक्विटी सहयोग, कर्ज के विपरीत, उद्यमों को बिना तत्काल किस्तों के दबाव के तकनीक में निवेश, उत्पादन विस्तार और निर्यात बाजार तलाशने का अवसर देता है। खंडेलवाल ने यह भी कहा कि जब वैश्विक मांग अस्थिर है और वित्तीय लागत अधिक है, तब ऐसे कदम एमएसएमई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन?होंने 2,000 करोड़ रुपये की आत्मनिर्भर भारत फंड में अतिरिक्त राशि से तेजी से बढ़ने वाले एमएसएमई बिना बैलेंस शीट दबाव के विस्तार कर सकेंगे। एमएसएमई के लिए पूंजी प्रवाह को तेज करने वाले सुधार को रेखांकित करते हुए खंडेलवाल ने पूंजी प्रवाह को तेज करने के लिए किए गए कई सुधारों का स्वागत किया। कॉरपोरेट मित्र योजना पर उन्होंने कहा कि यह योजना अनुपालन को आसान बनाकर व्यापारिक माहौल में बड़ा बदलाव लाएगी।इसके तहत पेशेवर संस्थान छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, जिनसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में प्रमाणित 'कॉरपोरेट मित्र' तैयार होंगे।ये प्रशिक्षित प्रोफ़ेशनल्स एमएसएमई को कम लागत पर अनुपालन संबंधी सहायता देंगे, जिससे छोटे व्यवसायों का समय और खर्च दोनों कम होगा। एमएसएमई के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन हेतु बजट प्रस्तावों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने एमएसएमई के लिए बढ़ाए गए बजटीय प्रावधानों का स्वागत किया। कस्टम ड्यूटी में कमी का जिक्र करते हुए खंडेलवाल ने कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी में कटौती और युक्तिकरण की सराहना करते हुए कहा कि इससे उत्पादन लागत घटेगी, भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 5,98,520 करोड़ रुपये का लॉजिस्टिक क्षेत्र में आवंटन माल ढुलाई को तेज, सस्ता और प्रभावी बनाएगा। इसमें हरित माल गलियारे, तेज क्लीयरेंस और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े लॉजिस्टिक्स पर विशेष जोर दिया गया है।

## मारुति सुजुकी ने कमोडिटी की कीमतें बढ़ने से कारों के दाम में बढ़ोतरी के दिए संकेत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने सोमवार को बढ़ती जिंस (कमोडिटी) की लागत को देखते हुए अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं।

पार्थो बनर्जी ने ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के बाद बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। इसके बावजूद उत्पादन संबंधी बाधाओं के कारण कंपनी के पास फिलहाल 1.75 लाख वाहनों के लंबित ऑर्डर हैं। उन्होंने बताया कि केवल जनवरी में ही 2.78 लाख बुकिंग मिली है। कच्चे माल की लागत बढ़ने से निकट भविष्य में कीमतें बढ़ाने की संभावना से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि जिंस के मोर्चे पर कीमतें बढ़ रही हैं। कीमती धातुओं में वृद्धि काफी ज्यादा है।

### ▸▸जिंस की लागत में वृद्धि से कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार किया जाएगा

भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए हम इस पर नजर बनाए हुए हैं। आने वाले समय में कीमतों की समीक्षा जरूर करेंगे। बनर्जी ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा ग्राहकों पर लागत बढ़ोतरी का बोझ कम से कम रखने का रहा है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला और उत्पादन दल इस बात पर गौर कर रहे हैं कि जिंस की वजह से बढ़ी लागत को हम कितनी हद तक खुद वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक सीमा के बाद अगर हम लागत बढ़ोतरी को समायोजित नहीं कर पाए, तो हमें इसका बोझ ग्राहकों पर डालना पड़ेगा। संभावित कीमत बढ़ोतरी के लिए कोई समय-सीमा बताए बिना बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने जनवरी में उन ग्राहकों के लिए 'प्राइस प्रोटेक्शन स्कीम' (कीमत सुरक्षाा योजना) शुरू की है, जिनकी बुकिंग के बावजूद आपूर्ति नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों से मोटर वाहन उद्योग को जो बढ़ावा मिला है। वह केंद्रीय बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे में पूंजीगत व्यय बढ़ाने की घोषणा मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी सहायक साबित होगी। जनवरी की बिक्री पर बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक मासिक कुल बिक्री 2,36,963 इकाई दर्ज की है। उन्होंने कहा कि हमें 2.78 लाख से अधिक बुकिंग मिली, जो सालाना आधार पर 25 फीसदी की वृद्धि है। हमें रोजाना करीब 9 से 10 हजार बुकिंग मिल रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी में कंपनी का निर्यात भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 51,020 इकाई रहा। बनर्जी ने कहा कि कंपनी की नई एसयूवी 'विक्टोरिस' ने पांच महीने में 50,000 इकाई की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। उत्पादन संबंधी बाधाओं पर उन्होंने कहा कि नई क्षमताएं उपलब्ध होने तक कंपनी को कुछ और महीनों तक इससे निपटना होगा। हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया का दूसरा संयंत्र अप्रैल 2026 तक परिचालन में आने वाला है। इसके बाद गुजरात स्थित मौजूदा संयंत्र में चौथी उत्पादन 'लाइन' शुरू की जाएगी, जिससे सालाना कुल 5 लाख इकाई की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी। घरेलू बाजार में 'ई-विटारा' के पेश होने को लेकर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक एसयूवी इस महीने बाजार में उतरेगी। यात्री वाहन उद्योग के परिदृश्य पर पूछे गए सवाल पर बनर्जी ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग फिर से छह से सात प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) पर लौट सकता है। हालांकि, मौजूदा समय में जिंस कीमतें काफी तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए इंतजार करना होगा, तभी बेहतर अनुमान लगाया जा सकेगा।



# ईडी ने बीपीएल के निदेशकों के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जम्मू उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन के मामले में भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) और उसके निदेशकों तथा उससे संबद्ध व्यक्तियों अनिल कुमार, परवीन कुमार, बलजिंदर कुमार, राजिंदर कुमार और अनिल कश्यप के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी ।

यह आरोप पत्र 30 जनवरी को जम्मू में धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में दायर किया गया था। ईडी ने लगभग 200 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित एक प्राथमिकी पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और जम्मू के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के साथ मिलकर अपनी जांच शुरू की थी। भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में बैंकों के एक 'कंसोर्टियम' ने भी जांच में एजेंसी को सहयोग दिया था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश रचकर धोखाधड़ी से बैंक से ऋण प्राप्त किया और उसका उपयोग स्वीकृत उद्देश्य के बजाय कहीं और कर दिया गया। इसमें फर्जी संस्थाओं के माध्यम से धन भेजना और नकद निकासी करना शामिल था।

इसके अतिरिक्त आरोपियों ने कंसोर्टियम बैंकों के बाहर बैंक खाते खोलकर उन्हें संचालित किया। उन्होंने फर्जी कंपनियों के माध्यम से धन का लेन-देन किया और फर्जी चालान के माध्यम से फैक्ट्री परिसर से मशीनरी के पुर्जों को चोरी-छिपे हटाया और बेचा। इसके अलावा 2010-11 से 2012-13 के वित्तीय वर्षों के दौरान बैलेंस शीट में स्टॉक को गलत तरीके से दिखाकर खातों में हेर.फ़ेर की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि इस समूह ने धन का हेर-फ़ेर करने के लिए मैसर्स डीईई ईएसएस इंजीनियर्स, मैसर्स त्रिवेणी इंजीनियर्स, मैसर्स एरो स्कैफटेक प्राइवेट लिमिटेड, आर एस इंडस्ट्रीज, एरो एंटरप्राइजेज, सुका मोल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, काहलों ऑटो इंडस्ट्रीज और रीजेंट फैब्रिकेशंस जैसी फर्जी संस्थाओं का उपयोग किया। इससे पहले ईडी ने इस मामले में जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे। इसके अतिरिक्त 30 लाख रुपये से अधिक की नकदी और लगभग 600 ग्राम सोना भी जब्त किया गया था। जांच के दौरान मैसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशकों में से एक अनिल कुमार को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार भी किया गया था। ईडी की जांच में पता चला कि अपराध की कमाई को अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने 66.77 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को भी अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इनमें जिला कठुआ में औद्योगिक भूमि और लुधियाना के मॉडल टाउन में दो आवासीय संपत्तियां शामिल हैं।

# सबका साथ और न सबका विकास, लोकतंत्र पर मंडरा रहा है खतरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कंग्रेस ने देश में सामाजिक सद्भावना की बिगड़ती स्थिति और बढती आर्थिक असमानता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में न सबका साथ है और न ही सबका विकास है। कंग्रेस के दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है लेकिन मौजूदा स्थितियां सवाल उठाती हैं कि क्या सरकार को अल्पसंख्यकों , मुस्लिमों , आदिवासियों और दलितों आदि का साथ है। उन्होंने सवाल किया , '' क्या मोदी जी को सबका साथ मिला है और सबका विकास हुआ है। '' उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक समरसता बिगड़ रही है और आर्थिक असमानता निरंतर बढ रही है। अल्पसंख्यकों को न्याय नहीं मिल रहा है और न ही जीवन जीने के समान अवसर



मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां और योजनाएं बताती हैं कि न सबका साथ है और न ही सबका विकास है। उन्होंने कहा कि यदि सामाजिक समरसता पर हो रहे प्रहारों और आर्थिक असमानता की बढती खाई को नहीं रोका गया तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा।

श्री सिंह ने किसी का नाम लिये बिना कहा कि एक विचारधारा देश में नफरत फैलाने में जुटी है और कट्टरपंथी ताकतों द्वारा हिन्दू और मुसलमानों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काया जा रहा है। इससे देश में सामाजिक सद्भावना की स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कॉरपोरेट जगत को कर में छूट दे रही है और मजदूरों की मजदूरी ज्यों की त्यों है उसे नहीं बढाया जा रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा नारा बनकर रह गयी है और उनकी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का वादा भी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि डेढ लाख से अधिक स्कूल बंद किये जा चुके हैं और शिक्षकों के पद नहीं भरे जा रहे।

उन्होंने कहा कि कारपोरेट जगत से अधिक कर आम आदमी दे रहा है। सरकार की नीतियां आम आदमी , गरीब और किसान विरोधी हैं। युवाओं को स्थायी के बदले परोक्ष रूप से रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर भी स्थिति चिंताजनक है और चीन ने भारत के दो हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। भारतीय सेना 26 प्वाइंटों पर गश्त नहीं लगा पा रही है और प्रधानमंत्री को सुरक्षा से जुड़े मामलों पर जवाब देना चाहिए। कंग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार की नीतियों से देश में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है और वह इसे संवैधानिक संकट की स्थिति मानते हैं।

## सुरजीत कुमार ने पीएम का जताया आभार

नई दिल्ली। शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महा पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार ने बताया 29 अक्टूबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम और शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यन्त कुमार गौतम ने अनुरोध किया कि पंजाब प्रदेश में आदमपुर एयरपोर्ट को श्री गुरु रविदास एयरपोर्ट करने को कहा गया था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुरोध को स्वविकार कर दिया और श्री गुरु रविदास जी जन्म दिवस 649 पर श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट कर दिया है , श्री नरेन्द्र मोदी जी बहुत और धन्यवाद है .. रविदास समाज सदा आभारी रहेगा। प्रधानमंत्री ने संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के शुभ अवसर पर, आदमपुर हवाई अड्डे का नामकरण उस पूजनीय संत और समाज सुधारक को सम्मानित करने के लिए किया गया है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं भारत के सामाजिक लोकाचार को प्रेरित करती रहती हैं।श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा, आदमपुर ,पंजाब , भारत में जालंधर और होशियारपुर शहरों की सेवा करने वाला एक घरेलू हवाई अड्डा और भारतीय वायु सेना का अड्डा है । यह जालंधर जिले के आदमपुर कस्बे से 6.7 किमी (4.2 मील) , जालंधर से 28 किमी (17 मील) और होशियारपुर से 27 किमी (17 मील) दूर स्थित है और राष्ट्रीय राजमार्ग 3 (एनएच-3) के किनारे पर स्थित है। जालंधर और होशियारपुर के ठीक बीच में स्थित होने के कारण, यह दोनों शहरों की सेवा करता है। पंजाब के दोआबा क्षेत्र को वाणिज्यिक संचालन को सुगम बनाने के लिए इस हवाई अड्डे की आवश्यकता थी, क्योंकि राज्य के अन्य दो मुख्य हवाई अड्डे अमृतसर और चंडीगढ़ क्रमशः 100 और 145 किमी दूर हैं।

## सरकार डरी हुई है कि प्रधानमंत्री और राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगीः राहुल

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें लोकसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार इस बात से डरी हुई है कि यदि पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की पुस्तक की बातें सामने आ जाएंगी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी। राहुल गांधी ने लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि देश को यह भी पता चलेगा कि जब चीन के सैनिक आगे बढ़ रहे थे तो ''56 इंच की छाती'' का क्या हुआ था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मेरा कहना है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

# सीडीएस का आर्मेनिया दौरा भारत-आर्मेनिया के बीच गहरी सैन्य भागीदारी का संकेत

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान एक उच्च-स्तरीय भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए आर्मेनिया के चार दिनों के अधिकारिक दौरे पर पहुंचे हैं।

एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय (एचक्यूआईडीएस) ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिनिधिमंडल के येरेवन पहुंचने की जानकारी दी। यह दौरा दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक साझेदारी को दिखाता है और इससे सैन्य सहयोग, रक्षा क्षमता विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद के और गहरा होने की उम्मीद है।

एचक्यूआईडीएस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच साझा रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने और लंबे समय के रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोस्ट में लिखा गया, ''येरेवन में प्रतिनिधिमंडल का आर्मेनिया में भारत की राजदूत सुश्री नीलाक्षी साहा सिन्हा और रिपब्लिक ऑफ आर्म्ड फोर्सेज के डिप्टी चीफ मेजर जनरल



तैमूर शाहनजरयान ने गर्मजोशी से स्वागत किया।'' पिछले साल कई उच्चस्तरीय बातचीत के माध्यम से भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा क्षेत्र में जुड़ाव लगातार बढ़ा है।

दोनों देशों के अधिकारी अक्टूबर 2025 में हैदराबाद में रक्षा सहयोग पर भारत-आर्मेनिया संयुक्त कार्य समूह के एक सत्र के लिए मिले, जहां सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने, रक्षा उद्योग के रिश्तों को बढ़ाने और साझा सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर चर्चा हुई। भारतीय पक्ष का नेतृत्व संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी ने किया, जबकि आर्मेनिया का प्रतिनिधित्व लेवोन अयवाज्यान ने किया, जो आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय में नीति और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग की देखरेख करते हैं।

बढ़ती कूटनीति गर्मजोशी जून के आरंभ में भी दिखाई दी, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मार्सिले में आर्मेनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान के साथ बातचीत की। उनकी बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की गई और दोनों देशों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान शामिल था।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण कॉकेशस में मौजूद आर्मेनिया, अजरबैजान-पाकिस्तान-तुर्की के गठजोड़ को लेकर आपसी चिंताओं के बाद भारत का सबसे मजबूत साथी बनकर उभरा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल के सालों में आर्मेनिया अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए आकाश-वायु रक्षा प्रणाली और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉचर जैसे भारतीय हथियार की खरीद बढ़ा रहा है।

## राहुल गांधी संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने के साथ वीर सैनिकों का गिरा रहे मनोबल : भाजपा

नयी दिल्ली। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद अनिल बलूनी ने सोमवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा संसद में दिये बयान पर निशाना साधते हुये हमला बोला और उन पर संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने और सेना के जवानों का मनोबल गिराने का आरोप लगाया। श्री बलूनी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि विदेशी धरती से देश और भारतीय सेना की छवि को धूमिल करते-करते श्री गांधी अब सदन में भी देश को बदनाम और भारत के वीर जवानों का अपमान करने लगे हैं। श्री बलूनी ने कहा कि श्री गांधी लगातार झूठे आरोपों और भ्रम फैलाने वाली बातों के माध्यम से न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के मनोबल को भी आहत कर रहे हैं। जो किताब अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई उसके बारे में श्री गाँधी को आखिर कैसे पता चला कि उसमें क्या लिखा हुआ है। श्री बलूनी ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज नरवणे का एक वीडियो भी साझा किया। श्री बलूनी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बार-बार रोकने के बावजूद, बिना प्रमाण के सदन के पटल से श्री गाँधी का देश को गुमराह करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि सेनाध्यक्ष (सेवानिवृत्त) जनरल मनोज नरवणे स्वयं कई मंचों पर बता चुके हैं कि किस प्रकार हमारे जांबाज़ सैनिकों ने डोकलाम में चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया और और उन्हें पीछे हटने को मजबूर होना पड़ा।

## इटली में 61वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में भारत का मंडप

**नयी दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय इटली के वेनिस में 61वीं अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी ''ला बिएननेल डी वेनेज़िया'' में भारत का मंडप प्रदर्शित करेगा।

संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को बताया कि ला बिएननेल डी वेनेज़िया में 2019 के बाद भारत की वापसी एक गौरवपूर्ण अवसर और हमारे सांस्कृतिक आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत के इस मंडप में समकालीन भारत की झलक के साथ ही भारतीय सभ्यता और उसकी गहराई का प्रदर्शन होगा। मंडप के इस वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक विविधता की शक्ति, रचनात्मकता, समुदायों की जीवंतता देखने को मिलेगी। मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल का कहना है कि भारत मंडप उन कलाकारों को एक साथ लाता है जिनकी प्रथाएं समकालीन भारत की उभरती वास्तविकताओं को दर्शाती हैं। उनका कहना था कि विभिन्न क्षेत्रों और भौतिक परंपराओं में काम करते हुए, ये कलाकार अभिव्यक्ति के गहन व्यक्तिगत और नवीन रूपों के माध्यम से भारत की वैश्विक आवाज को व्यक्त करते हैं।

# पेज एक का शेष

## विजनरी और...

लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और परिवहन व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में से 2 महत्वपूर्ण कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए हैं। इन हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रेनों की गति 300 से 500 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी, जिससे प्रदेश को तेज, आधुनिक और विश्वस्तरीय रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। इससे न केवल यात्रा समय में भारी कमी आएगी, बल्कि औद्योगिक, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के माध्यम से बायो-फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश की संभावनाएं और अधिक सुदृढ़ हुई हैं। ललितपुर में लगभग 1,200 एकड़ क्षेत्रफल में बल्क ड्रग पार्क विकसित किए जाने की प्रक्रिया को तेज किया गया है, जबकि गौतम बुद्ध नगर के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का कार्य भी अत्यंत उन्नत चरण में पहुंच चुका है।

बायो-फार्मा सेक्टर के लिए बजट में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो भारत को वैश्विक फार्मा हब के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। लखनऊ में होने वाले फार्मा कॉन्क्लेव में देशभर से प्रमुख स्टेक-होल्डर्स की भागीदारी स्पष्ट संकेत है कि उत्तर प्रदेश इस सेक्टर में निवेश, नवाचार और नई सुविधाओं के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम उत्तर प्रदेश को एक नई दिशा देंगे। प्रदेश में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ डेटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 700 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं और इस सेक्टर में निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। केंद्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र के लिए आरक्षित की गई धनराशि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर डेटा सेंटर हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना की घोषणा की गई है, जिसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें और बड़ी ग्रामीण आबादी, उत्तर प्रदेश में निवास करती है। प्रदेश में 1.05 लाख से अधिक राजस्व गांव मौजूद हैं, जो इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण उत्पादों को वैश्विक मार्केटिंग नेटवर्क से जोड़ने में सहायक होगी, जिससे कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि सरकार बुनियादी सुविधाएं और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर दे, तो कोई भी धार्मिक या ऐतिहासिक केंद्र स्वतः ही विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बन सकता है। माघ मेले की अभूतपूर्व सफलता ने उत्तर प्रदेश की असीम पर्यटन संभावनाओं को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। पहले माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था और इसमें लाखों श्रद्धालु आते थे, लेकिन इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट 2026-27 में देशभर की 15 आर्कियोलॉजिकल साइट्स को विकसित करने का प्रावधान किया गया है, जिनमें से दो महत्वपूर्ण स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, सारनाथ (वाराणसी) और हस्तिनापुर (मेरठ)। इन ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के विकास से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों को भी इसी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इससे टूरिज्म सेक्टर और अधिक मजबूत होगा और उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश में एक अत्यंत मजबूत और अग्रणी स्थिति स्थापित की है। देश में होने वाले कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का लगभग 55 प्रतिशत उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स की करीब 60 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग भी अब प्रदेश में हो रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम आकार ले चुका है। प्रदेश इस सेक्टर में नए स्वरूप में उभर रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार सृजन में प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आम बजट में 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश में कुल 762 शहरी निकाय हैं, जिनमें से लगभग 200 अर्बन बॉडीज ऐसी हैं, जिनकी आबादी 5 लाख या उससे अधिक है। इनमें 17 नगर निगमों सहित कई नगर पालिकाएं शामिल हैं। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के शहरों में आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक-अनुकूल शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में सहायता मिलेगी, जिससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में ठोस और प्रभावी पहल की गई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार प्रगति हो रही है। प्रदेश में लगभग 98 जिला-स्तरीय अस्पताल संचालित हैं। इन सभी अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने के लिए मिलने वाला सहयोग स्थानीय स्तर पर आम नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट के माध्यम से प्रत्येक जनपद में इमरजेंसी व ट्रॉमा केयर सेंटर खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अक्सर 'गोल्डन आवर' के दौरान ट्रॉमा सेंटर की अनुपलब्धता के कारण कई अनमोल जानें चली जाती हैं। यह पहल ऐसी अनावश्यक मृत्यु दर को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी और दुर्घटना अथवा गंभीर स्थिति में आम नागरिकों को समय पर जीवन-रक्षक उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में 'समर्थ' नाम से नई योजना की घोषणा की गई है, जिससे खेल उद्योग और स्पोर्ट्स आइटम मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश में ओडीओपी योजना के तहत मेरठ को स्पोर्ट्स आइटम मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जबकि आगरा और कानपुर, लीडर क्लस्टर के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक रीजनल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना और निजी स्पोर्ट्स अकादमियों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश को खेल एवं खेल आधारित उद्योगों का बड़ा हब बनाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि केंद्र से राज्यों को मिलने वाले कर में उत्तर प्रदेश को सबसे बड़ा हिस्सा प्राप्त होता है। प्रदेश की बड़ी आबादी को देखते हुए इस 17 प्रतिशत की बड़ी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पर आई है। स्वाभाविक रूप से यूपी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में मेडिकल टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। देश में पांच ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की स्थापना की घोषणा की गई है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश ने वाराणसी को प्रस्तावित किया है। भगवान धन्वंतरि की जन्मस्थली होने के कारण आयुर्वेद के क्षेत्र में वाराणसी को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। बीते आठ-नौ वर्षों में स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक सुधार प्रदेश को हेल्थ टूरिज्म के नए केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे।मुख्यमंत्री ने बताया कि कृषि क्षेत्र में 'भारत विस्तार' एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को उनकी अपनी भाषा में कृषि संबंधी जानकारी और योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा। वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए 'शी-मार्ट' की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से स्वयं सेवी महिला समूहों को उनके उत्पादों के लिए सीधा बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## लाखों मतदाताओं ...

भाजपा शासित असम में एसआईआर नहीं हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को निशाना बनाया गया। जन्म प्रमाण पत्र मांगे जाने पर आपत्ति जताते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि पहले अधिकतर जन्म घरों में होते थे, ऐसे में यह दस्तावेज मांगना अव्यावहारिक है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल एजेंट समेत 150 से अधिक लोगों की मौत हुई और कई जीवित लोगों को मतदाता सूची में मृत घोषित कर दिया गया, जो पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग की तरफ से कहा जा रहा है, उन्होंने जो कुछ भी किया है, वह सही है। ये लोग भाजपा के निर्देश पर काम कर रहे हैं, लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। मैं लाखों लोगों को दिल्ली ला सकती हूं, और उन्हें किसी के भी सामने पेश कर सकती हूं।

## सीबीआई ने 'ऑपरेशन...

से टारगेट कर फर्जी नामों से उन्हें धोखा देते थे। अधिकारी ने कहा, ''तलाशी अभियान के दौरान सीबीआई ने नयी दिल्ली से आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे एक सीमा पार, साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और उसे खत्म कर दिया, जो अमेरिका के पीड़ितों को लक्षित करता था। इस दौरान आरोपियों से अपराध से संबंधित आपत्तिजनक डिजिटल सबूत वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण - लैपटॉप, मोबाइल फोन और कंप्यूटर हार्ड डिस्क बरामद कर जब्त किये गये।''

## 'लद्दाख में नेपाल...

की, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इससे पहले, पिछली सुनवाई में वांगचुक की ओर से दलील दी गई थी कि सरकार की आलोचना और विरोध करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है और इससे राज्य की सुरक्षा को खतरा नहीं होता। मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी।

## चीन पर राहुल...

का उल्लेख नहीं करना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि जब अध्यक्ष व्यवस्था दे चुके हैं तो विपक्ष के नेता को उसका पालन करना चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि वह सिर्फ भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या द्वारा चर्चा के दौरान उठाये गये सवालों का जवाब दे रहे हैं, यदि वह मुद्दे नहीं उठाते, तो वे भी उसका उल्लेख नहीं करते लेकिन श्री बिरला ने कहा कि भाजपा सांसद ने जो मुद्दे उठाये हैं, वे सब पहले से ही संसद की कार्यवाही में हैं और यदि ऐसा नहीं होता तो वह उनको भी बोलने की अनुमति नहीं देते। उनका कहना था कि सभी सदस्यों को नियमों और मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। कंग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने कहा कि नियम 349 के तहत संवेदनशील मुद्दों को किसी पत्रिका में छपे लेख को उद्धृत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के नियम सिर्फ विपक्ष के सदस्यों के लिए हैं ऐसा प्रतीत होता है। जब श्री गांधी ने कहा कि वह पुस्तक का उल्लेख नहीं करेंगे, लेकिन उसको लेकर चर्चा तो कर सकते हैं, इस पर अध्यक्ष ने कहा कि उस मुद्दे का जिक्र नहीं किया जा सकता है। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता अध्यक्ष की दी गयी व्यवस्था का उल्लंघन करते हैं तो यह भी अनुचित है और उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। जब श्री गांधी ने कहा कि अध्यक्ष ही बता दें कि उन्हें क्या करना चाहिए। इस पर श्री बिरला ने कहा कि वह उनके सलाहकार नहीं हैं, लेकिन अध्यक्ष होने के नाते उनका दायित्व है कि सदन नियमों से चले। विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी है कि वह सदन को नियम से चलने में सहयोग करें। उनका कहना था कि यदि विपक्ष के नेता व्यवस्था को नहीं मानते हैं और कुर्सी का अपमान करते ही रहते हैं तो यह उचित नहीं है। श्री गांधी ने कहा कि वह भारत और चीन के संबंधों पर बोलना चाहते हैं इस पर भी बोलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दल के चरित्र पर टिप्पणी करता है तो उनको बोलने दिया जाता है, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। श्री गांधी ने जब पहले की तरह ही बोलना शुरू किया तो अध्यक्ष ने फिर आपत्ति जतायी और कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष के नेता सदन में कुछ बोलना नहीं चाहते हैं। इसके बाद भी हंगामा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। जब सदन की कार्यवाही तीन बजे पुनः शुरू हुई तो श्री गांधी ने अपना पक्ष रखते हुये कहा कि वह मौलिक प्रश्न उठा रहे थे, जो भारत और चीन के संबंध में है। कैलास पर्वत पर क्या हुआ, उस पर अपनी बात रखना चाहते हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चीन की सेना कैलास की चोटी की तरफ बढ़ रही थी। उनके बार-बार चीन के मामले को उठाने पर सत्तापक्ष की ओर से कई सदस्यों ने खड़े होकर विरोध किया। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री ने फिर कहा कि श्री गांधी पहले की बात को ही दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वह पहले की बात को नहीं दोहरायेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि देश को नीचा दिखाकर उनको क्या फायदा मिलने वाला है। एक ऐसी बात कर रहे हैं, जिसका यहां कोई औचित्य नहीं है। सदन में ऐसी बात नहीं बोलनी चाहिए, जिससे सेना को मनोबल गिरे। रक्षा मंत्री ने भी फिर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता पूरी तरह काल्पनिक बातें कर रहे हैं, इसलिए इस विषय पर उन्हें रोका जाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ''सदन नियम प्रक्रियाओं से चलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखें। आसन की व्यवस्था की लगातार वह अवमानना कर रहे हैं। सरकार की नीतियों पर बोलें। अगर सेना की आलोचना करेंगे, तो यह उचित नहीं है। सदन में उन तथ्यों को बोलें जो देशहित हैं।'' श्री गांधी ने कहा कि सेना का हर जवान वास्तविकता को जनता है। उसके बाद सदन में भारी हंगामा हो गया, जिसके कारण कार्यवाही चार बजे तक स्थगित कर दी गयी। सदन के फिर शुरू होने पर श्री गांधी ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सदन में हैं। उन्हें मालूम है कि पूर्व सेना अध्यक्ष ने क्या कहा है। इस पर पीठासीन जगदम्बिका पाल ने कहा कि अध्यक्ष ने एक व्यवस्था दी है और उसके अनुरूप ही श्री गांधी अपनी बात रख सकते हैं। इसके बाद श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। वह इसी पर अपनी बात रखना चाहते हैं। उन्होंने फिर पूर्व सेना अध्यक्ष का नाम लिया। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष के सदस्यों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ते देख श्री पाल ने कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# केंद्रीय बजट 2026-27 दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप : रेखा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026-27 को 'अगली पीढ़ी का बजट' बताते हुए कहा कि यह बजट स्वास्थ्य, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों को रोजगार सृजन से जोड़ता है और दिल्ली के समग्र विकास की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप बताया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बजट ''संतुलित'' है और इसमें देश की महिलाओं और युवाओं सहित हर वर्ग को अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आया यह बजट आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक संतुलन का भी बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने वित्त मंत्री द्वारा बताए गए तीन कर्तव्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह बजट युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करेगा और भारत की प्रगति को नए आयाम तक ले जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बजट तीन अहम जिम्मेदारियों पर आधारित है। पहली देश की आर्थिक गति को तेज करना और उसे स्थिर बनाए रखना। दूसरी, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, ताकि हर नागरिक विकास का हिस्सा बन सके और तीसरी, 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार को जमीन पर उतारना। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में महिलाओं की शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में लड़कियों के छात्रावास स्थापित



करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही दिल्ली को केंद्रीय बजट में 1300 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रस्तावित नरेला शिक्षा केंद्र को इस साल के केंद्रीय बजट में घोषित पांच नए विश्वविद्यालय टाउनशिप में शामिल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि एनिमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) जैसे उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएशन लैब्स' स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। दिल्ली सरकार इस पहल के तहत दिल्ली के सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों को भी जोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली बजट प्रावधानों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने का प्रयास करेगी, उन्होंने कहा कि पूंजी हस्तांतरण के लिए राज्यों को विशेष सहायता पिछले बजट में 6,275 करोड़ से बढ़कर 2026-27 के बजट में 15,380 करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रायोजित योजनाओं का बजट बढ़ाकर 13,611 करोड़ रुपये कर दिया है। इसके तहत दिल्ली में संचालित 39 कार्यक्रमों के लिए पूरा हिस्सा दिल्ली को मिलेगा।

# रेल कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी उग्र आंदोलन को देगी जन्म : शिव गोपाल मिश्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फ़ेडरेशन (एआईआरएफ) के आह्वान पर विभिन्न लंबित एवं न्यायसंगत मांगों के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर सोमवार को पूरे भारतीय रेल में 'अखिल भारतीय मांग दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे की सभी शाखाओं में धरना-प्रदर्शन, रैलियां और सभाएं आयोजित की गईं।

रेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में रनिंग स्टाफ के लिए किलोमीटर भत्ता (केएमए) दरों में वृद्धि, लेवल-1 के 30 प्रतिशत पदों को लेवल-2 में उन्नयन, लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरना, बढ़ते रेल नेटवर्क को देखते हुए अतिरिक्त पदों का सृजन, लेवल-8 व 9 में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों को नाइट ड्यूटी भत्ता, जोखिम व कठिनाई भत्तों में वृद्धि, 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों को 1 जनवरी 2026 से लागू करना, कर्मचारियों के माता-पिता को पास/पीटीओ व चिकित्सा




सुविधा में शामिल करना, प्वाइंट्समैन श्रेणी के लिए चार-ग्रेड वेतन संरचना तथा ट्रैक मेंटेनरों की पेट्रोलिंग सीमा 12 किलोमीटर तय करने जैसी मांगें शामिल रहीं। दिल्ली में एआईआरएफ की सहयोगी इकाई नॉर्दर्न रेलवेमेंस यूनियन (एनआरएमयू) ने दोपहर बाद बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए एआईआरएफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि यदि सरकार ने रेलवे कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो संगठन को और तीव्र संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कठिन कार्य परिस्थितियों और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों का तत्काल निपटारा किया जाना चाहिए। एनआरएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष एसके त्यागी और मुख्यालय मंडल के सचिव संजीव सैनी ने भी संबोधित किया। दिल्ली मंडल की ओर से गाजियाबाद, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म संख्या-1) तथा पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी विरोध प्रदर्शन किए गए, जिनमें मंडल सचिव अनूप शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। एआईआरएफ के बैनर तले बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भाग लेते हुए संघर्ष को और तेज करने की घोषणा की।

# बिहार विधानमंडल में शोक प्रस्ताव के बाद कार्यवाही स्थगित, मंगलवार 11 बजे फिर बैठेगा सदन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र-2026 के पहले दिन सोमवार को शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में प्रस्तुत शोक प्रस्ताव के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इनमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री स्व. अजीत पवार, बिहार के पूर्व राज्यसभा सदस्य स्व. राजनीति प्रसाद, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य स्व. अशोक चौधरी, बिहार विधानसभा की पूर्व सदस्य स्व. वीणा वादिनी पाण्डेय, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. अवधेश प्रीत तथा अम्बेडकरवादी समाजसेवी स्व. बुद्धशरण हंस के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदन के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा और उनके योगदान को स्मरण किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सदन की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

# राज्यपाल के अभिभाषण में हर जगह हरियाली, लेकिन वास्तविकता उससे अलग : तेजस्वी यादव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने राज्यपाल के संबोधन को सरकार का ‟वही पुराना और रटा-रटाया भाषण" करार देते हुए कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है और यह जमीनी सच्चाई से कोसों दूर है। तेजस्वी यादव ने कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से सदन में हैं और इस दौरान चाहे कोई भी राज्यपाल आए हों, सभी ने सरकार द्वारा दिया गया वही भाषण पढ़ा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में हर जगह हरियाली और विकास की तस्वीर दिखाई गई है, लेकिन वास्तविक बिहार की स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाषण में जिन कई योजनाओं का जिक्र किया गया है, वे ऐसी योजनाएं हैं जिन्हें सरकार ने सत्ता में आने से



पहले राष्ट्रीय जनता दल की योजनाओं से कॉपी किया है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार केवल कागजों पर विकास दिखा रही है, जबकि आम जनता आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। कानून-व्यवस्था को लेकर भी तेजस्वी यादव ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। राज्य में दिनदहाड़े हत्या, बलात्कार, लूट, अपहरण और गोलीकांड जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सुशासन का दावा करती है, लेकिन हकीकत में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार में कई सरकारी योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अगर कोई ब्लॉक या थाना स्तर पर जाए, तो हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला साफ नजर आता है। आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश में आर्थिक मोर्चे पर बिहार सबसे फिसड्डी राज्य क्यों बना हुआ है। यदि बिहार में वास्तव में विकास हुआ है, तो वह अन्य राज्यों की तरह आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार लगभग हर क्षेत्र में पीछे है और अगर कहीं आगे है, तो भ्रष्टाचार और अपराध के मामलों में। नीट छात्रा की मौत के मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर भी तेजस्वी यादव ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जिनकी जांच सीबीआई को सौंपी गई, लेकिन सालों बीत जाने के बावजूद कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सरकार न्याय के साथ विकास की बात तो करती है, लेकिन उसका व्यवहार और कामकाज इसके ठीक उलट है।

## केंद्रीय बजट पंजाब के किसान और उद्यमियों को मिलेगा विशेष लाभ: फिक्की

चंडीगढ़। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल संघ (फिक्की) की पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश एडवाइजरी काउंसिल ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है। फिक्की के अध्यक्ष रमन मित्तल ने सोमवार को कहा कि यह बजट सुधारों को आगे बढ़ाने, बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च बढ़ाने और नयी उम्र की और श्रम-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, साथ ही किसानों और समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देने पर भी जोर देता है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए एक अहम मोड़ पर आया है। भारतऽयूरोपियन यूनियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के कारण वैश्विक बाजारों तक नयी और बड़ी पहुंच खुल रही है। ऐसे समय में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग और कृषि-यंत्रीकरण (एग्री-मेकनाइजेशन) एक बड़े निर्यात-आधारित विकास चक्र की दहलीज पर खड़े हैं।

## पटना में पूर्व केंद्रीय मंत्री ललित नारायण मिश्र की 104वीं जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र की 104वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि ललित बाबू एक विकास पुरुष थे। उन्होंने स्वतंत्रता से पहले कोशी एवं मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए। ललित बाबू के प्रयासों से मिथिला पेंटिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उन्होंने रेल और सड़क मार्ग के विकास के लिए कोशी और मिथिलांचल क्षेत्र में कई योजनाएं कार्यान्वित कीं। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दूबे, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा, प्रवीण सिंह कुशवाहा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेन्द्र चैघरी, गुरजीत सिंह, महेश प्रसाद राय, अमित कुमार झा सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने किया श्रमिक प्रशिक्षण पोर्टल का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखण्ड भवन व राज्य के सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, श्रम विभाग के विकसित श्रमिक प्रशिक्षण प्रबंधन प्रणाली का पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल पंजीकृत श्रमिकों व उनके आश्रित परिवारजनों के कौशल विकास को पारदर्शी, प्रभावी एवं तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रमिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाए जाने के उद्देश्य से इस पोर्टल का विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कौशल प्रशिक्षण के उपरांत श्रमिकों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं पर भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही राज्य के उद्यमियों से कौशल



आवश्यकताओं के संबंध में नियमित फीडबैक लिया जाए, ताकि प्रशिक्षण को रोजगार से बेहतर रूप से जोड़ा जा सके। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्लम्बर, कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में प्रशिक्षण पर विशेष बल देने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय श्रमिकों से हो सके और रोजगार के अवसर बढ़ें। इससे क्षेत्रीय जनसांख्यिकीय संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षणोपरांत फॉरवर्ड लिंकेज को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए श्रम विभाग द्वारा संचालित डीबीटी योजनाओं की सराहना की व अपनी आय बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास करने के निर्देश भी दिए। इस पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण व्यवस्था को बनाया जाएगा पारदर्शी व प्रभावी बनाया जाएगा। श्रम विभाग के सचिव डॉ. श्रीधर बाबू अद्दंकी ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी योजनाओं को अधिक पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान श्रमायुक्त पीसी दुमका ने पोर्टल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिक प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाताओं, मूल्यांकनकर्ताओं, प्रशिक्षण केंद्रों एवं प्रशिक्षकों का चयन भारत सरकार में इम्पैनल्ड संस्थाओं एवं प्रमाणित व्यक्तियों से पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा।

# बिहार विधानसभा में पेश हुआ 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण

**■ विकास दर रही राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत अधिक**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानमंडल में सोमवार को बजट सत्रऽ2026 के पहले दिन वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार की ओर से बिहार विधानसभा में वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया कि बिहार की विकास दर राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत अधिक है, जो राज्य की तेज आर्थिक प्रगति को दर्शाता है।

आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76,490 रुपये हो गई है। इस अवसर पर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार की विकास दर अधिक है और तमिलनाडु के बाद बिहार की विकास दर सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने शुरुआती 10 वर्षों में राज्य की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें बिजली, पानी और सड़कों का व्यापक नेटवर्क पूरे बिहार में विकसित किया गया। अब आगामी पांच वर्षों में सरकार का विशेष जोर औद्योगिकरण पर होगा, जिससे प्रति व्यक्ति आय को दोगुना किया जा सके। बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्य बनाया जाए। ‟संपन्न बिहार, समृद्ध बिहार" के लक्ष्य की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले बजट में विकास की इस सोच की झलक साफ दिखाई देगी। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2024-25 के त्वरित अनुमान



में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत रहा है। इस दौरान जीएसडीपी बढ़कर क्रमशः 5,31,372 करोड़ रुपये और 9,91,997 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मूल्य पर बिहार की विकास दर 13.1 प्रतिशत रही, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 9.8 प्रतिशत है, यानी बिहार राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। आनंद किशोर ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर 2020-21 में 46,412 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 76,490 रुपये हो गया है। वहीं, 2011-12 के स्थिर मूल्य पर यह आंकड़ा 30,159 रुपये से बढ़कर 40,973 रुपये पहुंच गया है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार का संकेत है। राज्य सरकार की राजस्व प्राप्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 में 1.28 लाख करोड़ रुपये रही राजस्व प्राप्ति 2024-25 में बढ़कर 2.18 लाख करोड़ रुपये हो गई है। कुल राजस्व में कर प्राप्ति का हिस्सा 70 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है, जबकि राजस्व और सहायता अनुदान का हिस्सा क्रमशः घटा है। राज्य के कुल व्यय में योजना व्यय का हिस्सा 2020-21 के 38.3 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 39.9 प्रतिशत हो गया है। वहीं, स्थापना और प्रतिबद्ध व्यय का हिस्सा 61.7 प्रतिशत से घटकर 60.1 प्रतिशत पर आ गया है। यह रुझान राज्य सरकार के कल्याणकारी और विकासोन्मुखी खर्च की ओर बढ़ते फोकस को दर्शाता है।

# विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड का रोडमैप है केंद्रीय बजट: धामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया विकसित भारत का बजट है। यह बजट संकल्पों को पूरा करने वाला है और भारत को विश्व की तीन प्रमुख आर्थिक शक्तियों में शामिल करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बजट की प्रमुख खूबियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए विकास, इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्य के केंद्रीय करों में हिस्सेदारी 1.118 प्रतिशत




से बढ़कर 1.141 प्रतिशत हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना, टियर-2 और टियर-3 शहरों पर विशेष फोकस, औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के समीप यूनिवर्सिटी टाउनशिप तथा राष्ट्रीय गंतव्य डिजिटल ज्ञान ग्रिड की स्थापना जैसे प्रावधान उत्तराखंड के लिए अत्यंत संभावनापूर्ण हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बायोफार्मा रणनीति के माध्यम से डिजिटल हेल्थकेयर इकोसिस्टम को सशक्त करने का प्रस्ताव भी राज्य के लिए नए अवसर खोलेगा। इसके साथ ही भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के अंतर्गत इक्विपमेंट, मटीरियल्स और इंडियन आईपी के विकास पर दिए गए जोर से उत्तराखंड के औद्योगिक परिदृश्य में नए अवसर सृजित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कौशल निर्माण और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष बल दिया गया है, जिससे गांव से लेकर सीमांत गांवों तक युवाओं को लाभ मिलेगा। यह बजट किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। पर्वतीय राज्यों के विकास के लिए सतत परियोजनाओं को बढ़ावा दिया गया है, जिससे उत्तराखंड को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत का बजट है, जो देश को मजबूत आर्थिक आधार देगा और विकास की गति को तेज करेगा। बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना पर आधारित है, जिसमें वित्तीय संतुलन, नई रणनीतियों और पारंपरिक व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट से उत्तराखंड को संतुलित और समावेशी विकास की नई दिशा मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा, महिला छात्रावास, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस किया गया है। रोजगार संरचना को नई गति मिलेगी तथा साहसिक और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 20 पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत भी अनेक नई संभावनाएं खुलेंगी।

## नवादा-पावापुरी नई रेल खण्ड को मंजूरी, केंद्र सरकार ने 492 करोड़ का बजट किया आवंटित

नवादा। केंद्र सरकार ने बिहार के नवादा जिले को बड़ी सौगात देते हुए नवादा-पावापुरी नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर कुल 492.14 करोड़ रुपये की लागत आएगी। करीब 25.10 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन के निर्माण के लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने इस परियोजना की जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि नवादा जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह योजना विकसित नवादा की दिशा में एक मजबूत कदम है और रेलवे क्षेत्र में नवादा के लिए अब तक का सबसे बड़ा विकास कार्य है। सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि यह रेल परियोजना नवादा को सीधे पटना और दिल्ली मेन रेल लाइन से जोड़ने की दिशा में पहला चरण है। इसके पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063